52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 25.0°c | अधिकतम 34.0 °c

अमृतवाणी
एक हजार मील सफलता की यात्रा की शुरुआत भी एक कदम से ही होती है।

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

बलात्कारियों को बचाना सपा की जन्मजात फि तरत है,सपा होगी सफा : केशव प्रसाद मौर्य

सूर्योदय : 5:41 सूर्यास्त : 7:09 | वर्ष : 52/ अंक : 216 | सोमवार, 05 अगस्त 2024 | श्रावण, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | पृष्ठ-4

अपनी फितरत बदल नहीं सकता.... साँप अमृत उगल नहीं सकता.....

प्रशासन ने मांगे की पूरी, धरना हुआ समाप्त

कल से ही हो जाएगी जमीनी स्तर पर अवैध ई-रिक्शाओं के खिलाफ कार्यवाही शुरू, अतिक्रमण भी हटेगा

मुजफ्फरनगर, 4 अगस्त (बु.)। नगर में ई रिक्शा और अतिक्रमण जैसी समस्याओं को लेकर कल मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक अंकुर दुआ के नेतृत्व में शुरू हुआ धरना आज शाम नगर मजिस्ट्रेट के आठ दिन के भीतर कार्रवाई के आश्वासन के बाद समाप्त कर दिया गया। आज धरने पर व्यापारियों की बैठक में सोमवार को सुबह से लेकर दोपहर बारह बजे तक बाजार बंद और प्रदर्शन के ऐलान के बाद प्रशासन पर दबाव पड़ा और नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप और सीओ सदर राजू कुमार साव के धरना स्थल पर पहुंचकर कार्रवाई के आश्वासन पर अंकुर दुआ ने धरना समाप्त करने और सोमवार को बाजार बंद की घोषणा वापस लेने का ऐलान किया। 28 घंटे चले धरने का समापन हुआ। इस मौके पर व्यापारी नेताओं ने आश्वासन दिया कि व्यापारियों द्वारा किया गया अतिक्रमण भी उनसे स्वयं हटवा लिया जाएगा।

▶ अंकुर दुआ द्वारा शुरू धरने पर व्यापारियों के बीच सिटी मजिस्ट्रेट और सीओ सदर ने दिया आश्वासन

मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक और भारतीय प्रेस परिषद के सदस्य अंकुर दुआ ने एक माह पूर्व नगर में ई रिक्शा और अतिक्रमण को लेकर प्रशासन से कार्रवाई को कहा था। इसे लेकर उन्होंने शनिवार को दोपहर एक बजे तुलसी पार्क में धरना शुरू किया था। इस धरने पर शहर के तमाम व्यापारी व सामाजिक संगठनों के हजारों की तादाद में लोग एकत्र हुए और अपना समर्थन देने का ऐलान किया। आज सुबह से भी बड़ी तादाद में लोग धरने पर समर्थन के लिए पहुंचने लगे थे। इस दौरान करीब चार बजे शहर के तमाम बाजार संगठनों व व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। बैठक में तमाम व्यापारी नेताओं ने अपने सुझाव दिए। इसमें प्रशासन पर धरने के बावजूद इसकी अनदेखी करने और कोई कार्रवाई ना करने का आरोप लगाते हुए तय किया गया कि सोमवार को सुबह से दोपहर बारह बजे तक शहर के साथ नई मंडी और गांधी कॉलोनी के तमाम बाजार बंद रखे जाएंगे। इसमें सभी व्यापारियों से सुबह सात बजे तुलसी पार्क पर एकत्र होने और इसके बाद सड़कों पर उतरने का आह्वान किया गया। तमाम व्यापारी नेताओं ने इस बंद और प्रदर्शन में पूरा सहयोग करने का ऐलान किया। इसके बाद प्रशासन पर दबाव बना और इस ऐलान के कुछ ही समय बाद नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप और क्षेत्राधिकारी सदर राजू कुमार साव धरना स्थल पर पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने अंकुर दुआ द्वारा उठाई गई समस्याओं को सही बताते हुए कहा कि इस पर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में अवैध ई-रिक्शा और अतिक्रमण पर कार्रवाई को लेकर निर्णय लिया गया है। इसके लिए एक समिति गठित की गई है, इसमें एडीएम और एसपी सिटी समेत तमाम अधिकारी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि आज से ही इस पर अमल शुरू हो जाएगा और आठ दिन के भीतर इस मामले पर ठोस कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अवैध ई-रिक्शा और अतिक्रमण से शहर को मुक्त किया जाएगा। उनके इस आश्वासन के बाद संपादक अंकुर दुआ ने वहां मौजूद व्यापारी नेताओं से सलाह करने के बाद कल शहर में बंद और प्रदर्शन का ऐलान वापस लेने की घोषणा करते हुए कहा कि प्रशासन ने आठ दिन का समय मांगा है। इस दौरान अगर कोई कार्रवाई नहीं होती है तो वे फिर अकेले यहीं आकर धरने पर बैठेंगे। व्यापारी नेता कृष्ण गोपाल मित्तल ने भी इस पर सहमति जताते हुए कहा कि नगर की समस्याओं को लेकर प्रशासन कार्रवाई कर रहा है तो उसे इसके लिए समय दिया जाना चाहिए। इसके बाद अंकुर दुआ ने नगर मजिस्ट्रेट और सीओ सदर को रामनामी पटका पहनाकर उनका स्वागत किया।

ई रिक्शा के साथ अतिक्रमण पर भी होगी कार्रवाई: सिटी मजिस्ट्रेट

मुजफ्फरनगर। धरना स्थल पर नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप ने कहा कि अंकुर दुआ ने जो समस्या उठाई है वह वास्तव में नगर की बड़ी समस्या है। इस पर प्रशासन ठोस कार्रवाई करेगा। नगर मजिस्ट्रेट ने कहा कि नगर में अवैध ई रिक्शा पर प्रशासन कार्रवाई कर रहा है। अतिक्रमण पर भी बड़ी कार्रवाई की जाएगी। कांवड़ से पहले डीएम के साथ एआरटीओ और एसपी ट्रैफिक आदि अधिकारियों के साथ बैठक में इस पर विचार किया गया था। इसके लिए एक टीम भी बनाई गई है। इसमें सिटी मजिस्ट्रेट के सज्ञथ सीओ सिटी और शहर कोतवाल को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि ई रिक्शा और अतिक्रमण की समस्या इंटर कनेक्टेड है। रात में जो सड़कें चौड़ी नजर आती हैं, वही दिन में काफी चौड़ी हो जाती हैं। प्रशासन ने अतिक्रमण हटवाने का भी प्लान बनाया है। ई रिक्शा पर प्रशासन ने पहले ही कार्रवाई शुरू कर दी है। जल्द ही इसके परिणाम नजर आएंगे।

अंकुर दुआ ने सही समस्या उठाई है: क्षेत्राधिकारी सदर

मुजफ्फरनगर। धरने पर पहुंचे सीओ सदर राजू कुमार साव शहर में जाम और यातायात की समस्या बेहद गंभीर है। वे स्वयं शहर के बीच प्रकाश चौक पर रहते हैं और बाजार में निकलते हैं तो उन्हें भी इस समस्या का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि अंकुर दुआ ने इस समस्या को लेकर तमाम व्यापारी संगठनों को एक मंच पर लाकर बड़ा काम किया है। उन्होंने कहा कि कांवड़ के दौरान पुलिस व प्रशासन का अमला व्यस्त रहा। डीएम और एसएसपी के निर्देश पर टीम का गठन का वृहद कार्य योजना बनाई गई है। इस पर अमली जामा पहनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शहर में पचास-पचास किमी दूर से लोग सामान खरीदने आते हैं तो यहां की स्थिति देख उनकी मनोदशा बदल जाती है। इसका हल निकालना है। अब त्यौहार और कानून व्यवस्था की समस्या नहीं है और अब जाम और अतिक्रमण व ई रिक्शा पर ही काम होगा। इसके लिए पुलिस, प्रशासन और ट्रैफिक की टीम तैयार है।

कहां रखी जाएंगी अवैध ई रिक्शाएं, इस सवाल पर हुआ विवाद

मुजफ्फरनगर, 4 अगस्त (बु.)। सिटी मजिस्ट्रेट और सीओ सदर की धरने पर वार्ता के दौरान क्षेत्राधिकारी ने समस्या उठाई कि बड़ी संख्या में ई-रिक्शा को लेकर एक समस्या यह है कि हजारों की तादाद में अवैध ई रिक्शाओं को कहां रखा जाएगा। पुलिस लाइन के अलावा कौन सा ऐसा स्थान है, जहां हजारों अवैध ई रिक्शाओं को खड़ा किया जा सके। इसके लिए नुमाइश मैदान और जीआईसी मैदान का सुझाव आया। इस पर शहर कोतवाली प्रभारी अक्षय शर्मा ने कहा कि पुलिस के सामने एक समस्या यह है कि जो ई रिक्शा कब्जे में लेकर रखी जाएंगी उनका सामान आदि चोरी ना हो यह भी पुलिस की जिम्मेदारी है। इस पर बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ ने कहा कि यह जिम्मेदारी तो पुलिस को ही लेनी पड़ेगी। इसमें व्यापारी क्या सहयोग कर सकते हैं। ऐसे में स्थान चयन का जिम्मा पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों पर छोड़ दिया गया।

अधिकारी सड़कों पर उतरकर जमीनी समस्याएं देखें

भाजपा नेता सचिन सिंघल ने धरने पर बोलते हुए कहा कि शासन हमने बहुत देखे हैं मगर इस शासन में कोई भी अधिकारी जमीन पर उतरकर काम करने को तैयार नहीं है। ऐसे में हम सबका अनुरोध है कि अधिकारी का काम जमीन पर उतरकर समस्याएं देखने का होता है ना कि हर समय दफ्तरों में बैठकर काम करने का और इसी कारण से पार्टी की छवि खराब हो रही है। उनका आग्रह है कि जमीन पर उतरकर लोगों की समस्याएं देखें व उनका निदान करें।

अवैध ई रिक्शा हटें, वैध के रूट तय हों : अंकुर दुआ

कहा: दुकानदार अतिक्रमण करे तो कार्रवाई करें, कोई सिफारिश नहीं करेगा

मुजफ्फरनगर, 4 अगस्त (बु.)। मुजफ्फरनगर बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ ने आज धरना समाप्त करने और कल के बंद व प्रदर्शन को वापस लेने का ऐलान करते हुए कहा कि शहर में अवैध ई रिक्शा बंद कर वैध ई रिक्शाओं के रूट तय कर उनके रंग तय किए जाएं। उन्होंने कहा कि जहां तक अतिक्रमण की समस्या है तो व्यापारी खुद अपना अतिक्रमण हटा लेंगे। इसके बाद भी अगर कोई अतिक्रमण करता है तो प्रशासन उसके खिलाफ कार्रवाई के लिए स्वतंत्र होगा।

उन्होंने कहा कि उनका मांग पत्र तीन जुलाई से अखबार और दूसरे माध्यमों से प्रशासन के पास पहुंच रहा है। इसमें भी एक संपादक के धरना देने के बाद ही प्रशासन क्यों जागता है। उन्होंने कहा कि डीएम अरविंद मल्लप्पा बंगारी के आने के बाद उनसे मिलने पर उन्होंने उनके सामने शहर में अतिक्रमण और ई रिक्शा को लेकर यही बात रखी थी कि कुछ अधिकारी यहां पर बहुत अच्छा काम करके गए हैं। इसमें सुरेंद्र सिंह और डॉ. प्रभात कुमार जी का नाम शामिल है। अधिकारियों का जिम्मा है वे जहां रहें, वे वहां की सबसे बड़ी समस्या पर सबसे पहले काम करें। अंकुर दुआ ने नगर में जाम, ई रिक्शा और ठेलियों पर फल आदि बेचने वालों की चर्चा करते हुए कहा कि क्या शहर में मां, बहन, बेटियां ऐसी स्थिति में सड़क पर निकल सकती हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि मांग पत्र की बात यह है कि मेरी कोई व्यक्तिगत मांग नहीं है। शहर में साढे छह हजार वैध रिक्शाएं हैं। ऐसे में हजारों अवैध ई रिक्शाएं किसके इशारे पर चल रही हैं। भगत सिंह रोड पर ई रिक्शा वाला तो चला जाएगा, लेकिन आम आदमी गाडी लेकर नहीं जा सकता, यह कहां का न्याय है। पांच पांच करोड़ की दुकानें लेकर स्वर्णकार, रेडीमेड गारमेंट और दूसरे व्यापारी बैठे हैं। वहां कोई वाहन जा नहीं सकता। उन्होंने कहा कि ई रिक्शाओं को नियंत्रित करने के लिए उनके रूट तय किए जाएं और रंगों से उनकी पहचान हो कि किस रूट पर कौन सी रिक्शा चलेगी। उन्होंने चालान को लेकर ट्रैफिक पुलिस द्वारा किए जाने वाले अपमान की चर्चा करते हुए कहा कि वे जल्द मुख्यमंत्री से मिलकर उन्हें भी इससे अवगत कराएंगे। अगर सरकार को राजस्व चाहिए तो वह उन्हें और राजस्व दिलाएंगे। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक पुलिसकर्मी किस तरह आदमी पर पिट्ठा मारते हैं। चालान के नाम पर उनसे वसूली के बजाय कैंप लगाए जाएं और इसमें किसी को हेल्मेट की जरूरत है तो हेल्मेट दिया जाए। किसी का लाइसेंस नहीं है या बीमा नहीं है तो बीमा लाइसेंस बनवाएं। जुर्माने के बजाय उनकी समस्या का समाधान करें। अतिक्रमण को लेकर सवाल पर अंकुर दुआ ने कहा कि तमाम व्यापारी संगठनों ने स्वयं अतिक्रमण हटवाने की बात कही है और व्यापारी अपने अस्थाई अतिक्रमण हटा लेंगे। इसके बावजूद कोई अतिक्रमण करता है तो उस पर जमकर कार्रवाई करें कोई आपसे कुछ कहने नहीं आएगा। ई रिक्शा पर कार्रवाई करें कोई सिफारिश नहीं होगी।

अधिकारी अपनी ताकत का सही इस्तेमाल करें : कृष्ण गोपाल मित्तल

मुजफ्फरनगर। व्यापारी नेता कृष्ण गोपाल मित्तल ने कहा कि एक सीएम लखनऊ में है एक यहां हैं। यहां के सीएम की ताकत ज्यादा है क्योंकि उनकी कलम पहले चलती है। उन्होंने कहा कि कांवड़ के दौरान पुलिस ने शानदार काम किया। इसकी प्रशंसा की जानी चाहिए। अंकुर दुआ की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि उनके जीवन में पहली बार कोई कलम का पुजारी धरने पर बैठा है। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण और ई रिक्शा के मामले में कार्रवाई करें। कोई नेता आपको छेड़ेगा नहीं। कोई छेड़ेगा तो उसे हम देख लेंगे। उन्होंने कहा कि सिटी मजिस्ट्रेट अपनी ताकत का सही इस्तेमाल करें तो इस समस्या का समाधान होना बड़ी बात नहीं है। उन्होंने व्यापारियों से अनुरोध किया कि हमने सड़क पर सफेद लाइन खिंचवाई थी ताकि व्यापारी इसकी हद में रहें। व्यापारी भी अपना सामान अंदर रखें और यह कहने का मौका ना दें कि रिक्शा वालों के लिए कानून अलग है और उनके लिए अलग है।

अतिक्रमण, जाम व अवैध ई-रिक्शा संचालन को लेकर कई संगठनों ने सौंपा समर्थन पत्र

मुजफ्फरनगर, 04 अगस्त (बु.)। अवैध ई-रिक्शा संचालन पर प्रतिबंध व इनके नियंत्रण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे के साथ नगर क्षेत्र में जाम से मुक्ति की दिशा में शुरू तुलसी पार्क में चल रहे उक्त अनिश्चितकालीन धरने के दूसरे दिन भी व्यापारियों के साथ समाज के हर वर्ग का समर्थन देखने को मिला। इस दौरान एसडी कॉलेज न्यू मार्किट एसोसिएशन ऊपरी मंजिल ने अपना समर्थन इस धरने को देते हुए तन-मन और धन के साथ मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक अंकुर दुआ की मांगों के समर्थन में डटे रहने का पत्र के माध्यम से भी आश्वस्त किया। इस दौरान संरक्षक अनिल कुमार, सुदर्शन कुमार, अशोक कुमार, अध्यक्ष हरवीर सिंह, संदीप दीक्षित, संदीप कुमार, तिलक राज, मनोज गर्ग, राकेश कुमार, सुनील कुमार व अजय गर्ग आदि ने धरने पर पहुंच समर्थन दिया।

वहीं होलसेलर्स फुटवियर एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील अरोरा, महामंत्री मनीष गुम्बर, कोषाध्यक्ष अम्बरीश गर्ग के साथ अमर लाल धमीजा, भीमसेन अरोरा, अनिल अरोरा, प्रदीप कुमार, प्रवीन कुमार, नरेश सिक्का, नरेश गुम्बर, नरेन्द्र अरोरा, गोपाल दास आदि ने अपना समर्थन देते हुए नगर की बेहतरी के लिए इस आंदोलन में साथ देने का ऐलान किया। इसके अलावा शहीद भगत सिंह सेवादल की ओर से चौ. नरेश अरोरा, राकेश ढींगरा, स. दिवप्रीत सिंह हन्नी, विकास अरोरा आदि ने अपने साथियों के साथ समर्थन किया। एसडी कॉलेज दुर्गा मंदिर की ओर से प्रधान विक्की अरोरा, नवीन मित्तल, जयप्रकाश जैन, शेखर चन्द लूथरा, श्रीपाल, रमन जलोत्रा, अंशुल, श्याम सैनी आदि ने धरने को समर्थन दिया। वहीं गुदड़ी बाजार व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुशील अरोरा, सचिव अम्बरीश गर्ग, व कोषाध्यक्ष संजय जैन और अखिल भारतीय कश्यप महासंघ के अध्यक्ष राधेश्याम कश्यप व समाजसेवी विजय कश्यप ने भी बुलेटिन की इस मुहिम का धरने पर पहुंचने के साथ समर्थन किया। साथ ही उन्होंने अतिक्रमण, जाम व अन्य समस्याओं की ओर जिला प्रशासन का ध्यान दिलाते हुए उनके निदान कराए जाने की मांग की। इसके अलावा भगवती मार्किट से जुड़े दुकानदारों ने इस आंदोलन का समर्थन करते हुए सहयोग का आश्वासन दिया। वहीं वीरेन्द्र वर्मा विचार मंच की ओर से मुजफ्फरनगर बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ के धरने पर पहुंचकर अपना समर्थन पत्र सौंपा। इस दौरान प्रांतीय उपाध्यक्ष जगदीश अरोरा, सुन्दर पाल सिंह, सतेन्द्र सिंह मनोज राठी आदि मौजूद रहे।

धरने के दौरान दिखे कई अनोखे नजारे

मुजफ्फरनगर, 4 अगस्त (बु.)। तुलसी पार्क में धरने पर कई नजारे देखने को मिले। बीती रात एक वानर वहां आया और करीब दो घंटे तक कभी मंदिर के अंदर और कभी धरने पर बैठे लोगों के साथ अठखेलियां करता रहा। लोगों ने कहा कि खुद बजरंग बली इस रूप में आए हैं। घंटों वहां मौजूद रहने के बावजूद इस वानर ने किसी को नुकसान नहीं पहुंचाया। पत्रकार विकास त्यागी का चश्मा लेकर वह छतरी पर चढ़ गया पर बाद में चश्मा वापस लौटा दिया।

▶ बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ अपने साथ हनुमान जी की एक छोटी सी मूर्ति अपने साथ लेकर धरने पर बैठे थे। आज पूर सम्मान के साथ इस मूर्ति को साथ लेकर वह अपने घर पर वापस लौटे।

▶ 85 वर्षीय बुजुर्ग सिख नेता तथा इलेक्ट्रानिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष त्रिलोचन सिंह गंभीर आज भी घंटों धरने पर मौजूद रहे और उन्होंने कहा कि अंकुर दुआ ने जनता की आवाज उठाकर एक शानदार काम किया है।

▶ धरने पर आज भी जहां तमाम वर्गों और व्यापारी संगठनों के लोग नजर आए, वहीं एक बालक ने भगवान शिव की सुंदर स्तुति प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया।

▶ व्यापारी नेता एसके बिट्टू ने कल धरने का समर्थन करते हुए अपनी दुकान की चाभी बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ को सौंप दी थीं। आज धरना समाप्ति के बाद चाभियां उन्हें वापस लौटाई गईं।

▶ आज धरना समाप्त होने के बाद बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ, उनके पिता रमेश साईं, अन्य परिजनों और धरनारत लोगों ने गोस्वामी तुलसीदास की आरती उतारी।

▶ पूरे धरने को बुलेटिन की फेसबुक पर लाइव प्रसारित किया गया और इसे बड़ी संख्या में लोगों ने न केवल देखा बल्कि इस पर अपने समर्थन की टिप्पणियां भी लिखकर भेजीं।

सहारनपुर में रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन के डिब्बे पटरी से उतरे

सहारनपुर, 4 अगस्त (एजेंसी)। आज दोपहर करीब सवा एक बजे 01619 दिल्ली-शामली यात्री गाडी सहारनपुर रेलवे स्टेशन के पास माल गोदाम पर पटरी से उतर गई। ट्रेन नंबर 01619 दिल्ली सहारनपुर एक्सप्रेस रविवार सुबह स्टेशन पर करीब 11 बजे पहुंची। इसके बाद ट्रेन को वाशिंग लाइन ले जाया जा रहा था। शारदा नगर पुल के नीचे लाइन पर ट्रेन को शंटिंग किया गया। इससे ट्रेन के एक कोच के दो से तीन पहिये पटरी से उतर गए। चालक की जानकारी कंट्रोल रूम में दी गई तो अधिकारियों में खलबली मच गई। अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे। मौके पर तकनीकी टीम भी दौड़ी। टीम पहियों को पटरी पर लाने में जुट गई। सांसद इमरान मसूद ने भी मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। पहिये पटरी उतरने से ट्रेनों के संचालन पर कोई असर नहीं हुआ है। स्टेशन अधीक्षक अनिल त्यागी के अवकाश पर होने के कारण कार्यवाहक अधीक्षक और आरपीएफ के पुलिस निरीक्षक मोहित त्यागी ने बताया कि हादसे के दौरान ट्रेन खाली थी और धुलाई के लिए जा रही थी कि उसी दौरान उसका एक डिब्बा पटरी से उतर गया। किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है। सूचना मिलने पर रेल अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंच गए और उतरे ट्रेन के डिब्बे को सुचारू करने के काम में जुट गए।

वक्फ बोर्ड कानून में संशोधन मामले पर हिंदू-मुस्लिम संगठन आमने-सामने

नई दिल्ली, 4 अगस्त (एजेंसी)। मौजूदा वक्फ कानून में केंद्र सरकार द्वारा संशोधन की तैयारी के साथ ही उसे लेकर हिंदू व मुस्लिम संगठन में टकराव की स्थिति बन गई है। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने जहां सरकार के इस कदम का स्वागत करते हुए कहा कि वर्ष 2013 में तत्कालीन मनमोहन सरकार द्वारा मुस्लिम तुष्टिकरण के तहत वक्फ एक्ट में संशोधन कर वक्फ बोर्ड को असाधारण, एकतरफा व मनमाना अधिकार दिए गए, जिसमें वह देशभर में किसी की भी जमीन को अपना बता कब्जा कर सकता है। वहीं, मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि सरकार द्वारा वक्फ कानून में किसी भी तरह का बदलाव उसे स्वीकार नहीं है। साथ ही उसने अब तक मौजूदा केंद्र सरकार पर मुस्लिमों से कुछ न कुछ छिनने का आरोप लगाते हुए इस मामले में राजग के सहयोगी दलों के साथ ही विपक्षी इंडी गठबंधन और देश के मुस्लिम धार्मिक संगठनों से एकजुट होकर विरोध के लिए आगे बढ़ने का आह्वान किया है। वैसे, केंद्र सरकार की यह पहल ऐसे वक्त में हो रही है, जब विहिप समेत कई संगठन मौजूदा वक्फ कानून को संविधान विरोधी बताते हुए उसमें बदलाव की मांग लंबे वक्त से करते आ रहे हैं। विहिप के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि मौजूदा वक्फ कानून संविधान सम्मत नहीं है, जिसके तहत वक्फ बोर्ड किसी की भी जमीन पर कब्जा कर सकता है। मामले की सुनवाई सिविल अदालत में भी नहीं होगी, बल्कि उसके लिए प्राधिकरण जाना होगा, जहां संपत्ति मालिक को खुद साबित करना होगा कि जमीन पर मालिकाना हक उसका है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली, 04 अगस्त (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 05 अगस्त की महत्वपूर्ण घटनाएं निम्न हैं:- 1775-तत्कालीन बंगाल के महाराजा नंदकुमार को कलकत्ता (अब कोलकाता) में फांसी दी गयी। 1874-जापान ने इंग्लैंड की तर्ज पर डाक बचत प्रणाली शुरू की। 1914-क्यूबा, उरुग्वे, मैक्सिको और अर्जेंटीना ने प्रथम विश्व युद्ध के दौरान तटस्थ रहने की घोषणा की। 1915-प्रथम विश्व युद्ध के दौरान वारसा पर जर्मनी का अधिकार हो गया। 1921-अमेरिका और जर्मनी ने बर्लिन शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये। 1945-अमेरिका ने जापान के हिरोशिमा पर परमाणु बम गिराया। 1949-इक्वाडोर की राजधानी क्विटो में 6.7 की तीव्रता वाले भूकंप से छह हजार लोगों की मौत हुई। 1975-बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल का जन्म। 1991-न्यायमूर्ति लीला सेठ दिल्ली हाईकोट में जज बनने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। 2010-कश्मीर के लेह में बादल फटने के बाद आयी बाढ़ में 115 लोगों की मौत हुई। 2011-केप केनवरल एयर फोर्स स्टेशन से बृहस्पति के बारे में जानकारी जुटाने के लिए पहले सौर ऊर्जा संचालित अंतरिक्ष यान जूनो का प्रक्षेपण किया गया। 2016-ब्राजील में रियो डी जेनेरो के माराकाना स्टेडियम में 31वां ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल शुरू हुए। 2018-उत्तर प्रदेश के मुगल सराय जंक्शन का नाम बदलकर दीनदयाल उपाध्याय रेलवे स्टेशन किया गया। 2019-जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 तथा अनुच्छेद 35-ए के प्रावधानों को निरस्त किया गया। 2020-उच्चतम न्यायालय के फैसले के मुताबिक अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 04 अगस्त, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

सोना-	72300	चांदी-	84500
सिक्का-	96000	गिन्नी-	53975

आपका आज का राशिफल

सोमवार, 05 अगस्त, 2024

मेष- आज दिन 3/22 बजे तक समय असंतोषजनक, आर्थिक कठिनाइयाँ, शारीरिक कष्ट, आपसी तनाव, शेष समय बेहतर, नवयोजना की पूर्ति, व्यापारिक लाभ।

वृषभ- आज दिन 3/22 बजे तक दिनमान अनुकूल, अधूरे कार्य पूर्ण, दाम्पत्य जीवन मधुर, अकल्पित लाभ, शेष समय बाधापरक, समस्याओं से चिंतित, विवाद संभव।

मिथुन- व्यापार में विस्तार की योजना फलीभूति, स्वास्थ्य में अपेक्षित सुधार, स्वजनों से सहयोग, धन संचय में प्रवृत्ति, संतान पक्ष का उत्कर्ष, यात्रा प्रसंग।

कर्क- अभीष्ट कार्यों में संतोषजनक सफलता, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, राजनैतिक गतिविधियों में संलग्नता, राजकीय पक्ष से लाभ, मौज-मस्ती में व्यय।

सिंह- आज दिन 3/22 बजे तक समय अव्यवस्थित, कार्यों में अड़चनें, सहयोगियों से विवाद संभव, शत्रु से हानि, शेष समय में पूँजी का प्रतिफल, सदविचारों का उदय।

कन्या- आज दिन 3/22 बजे तक ग्रह स्थिति अनुकूल, नवीन योजना का श्रीगणेश, उन्नति का सुयोग, मनोविनोद के अवसर, शेष समय में प्रगति में गतिरोध, समस्या से चिंतित।

तुला- समझदारी से लिया गया निर्णय व किया गया कार्य हितकर, पारिवारिक कठिनाइयों में कमी, महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए प्रयत्नशील, मनोरंजन में रुचि।

वृश्चिक- विचाराधीन योजना का मूर्तरूप में परिणित, धन लाभ का सुअवसर, दाम्पत्य जीवन में संतोष, प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता, वरिष्ठजनों की सलाह का लाभ।

धनु- आज दिन 3/22 बजे तक समय प्रतिकूल, समस्या से चिंतित, शत्रु सक्रिय, व्यापार में निराशा, शेष समय में स्वास्थ्य सुधार पर, तनाव में कमी।

मकर- आज दिन 3/22 तक अनुकूलता, कार्य क्षमता में वृद्धि, योजना साकार, लक्ष्य की प्राप्ति, शेष समय में शंका-कुशंका प्रभावी, जोखिम से हानि, भौतिक सुख में न्यूनता।

कुम्भ- विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास सार्थक, मनो-विनोद के अवसर सुलभ, हर्ष।

मीन- आर्थिक-व्यावसायिक पक्ष में परिश्रम के अनुरूप सफलता, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, वरिष्ठजनों की सलाह मान्य, दर्शनीय स्थलों की यात्रा।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत्र स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक-अंकुर दुआ

(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

फोटो बुलेटिन

शहर के तुलसीधाम पार्क भगत सिंह रोड पर रविवार को बेमियादी धरने के दौरान भारतीय प्रेस परिषद् के सदस्य अंकुर दुआ को समर्थन देने उमड़े शहर के आम और खास लोग

एम.जी. पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनी बाबू हरबंस लाल की 102वीं जयंती

मुजफ्फरनगर, 04 अगस्त (बु.)। एम.जी. पब्लिक स्कूल प्रांगण में विद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय बाबू हरबंसल लाल गोयल की 102वीं जन्म जयंती धूमधाम और श्रद्धा भाव के साथ मनाई गई। एम.जी. परिवार की ओर से उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर उनके जीवन आदर्श को याद करते हुए भावपूर्ण श्रद्धा नमन और वंदन किया गया। एम.जी. परिवार ने बाबू हरबंस लाल गोयल के द्वारा समाज की सेवा और शिक्षा के दान के लिए दिखाये गये मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराते हुए उनके अधूरे सपनों को साकार करने का प्रण किया।

एम.जी. पब्लिक स्कूल प्रांगण में रविवार को विद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय बाबू हरबंस लाल गोयल की 102वीं जन्म जयंती समारोह का आयोजन किया गया। यहां पहुंचे मुख्य अतिथि एम.जी. चेरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन सतीश चन्द गोयल, मधु गोयल, एम.जी. वर्ल्ड विजन स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के सचिव वैभव गोयल, एम.जी. पब्लिक स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के अध्यक्ष भीम सेन कंसल, कमेटी के सचिव विकास गोयल, उपाध्यक्ष विनीत सिंघल और कोषाध्यक्ष रोहित सिंघल के साथ ही अन्य अतिथियों का विद्यालय की प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने स्वागत किया। सर्वप्रथम विद्यालय प्रांगण में स्थापित बाबू जी की प्रतिमा पर अतिथियों और शिक्षक शिक्षिकाओं ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनको याद किया। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जिसमें एम.जी. पब्लिक स्कूल और एम.जी. वर्ल्ड विजन स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भजन और गीत व नृत्य प्रस्तुत देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। शिक्षिका पूजा शर्मा ने बाबू जी का सुन्दर जीवन परिचय कराया तो गीतांजलि शर्मा ने काव्य पाठ के माध्यम से अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कक्षा 6 से 10 तक के छात्र-छात्राओं ने सुन्दर भजन हर हर शंभू की प्रस्तुति देकर भक्तिमय वातावरण बनाने में भूमिका निभाई। एम.जी. वर्ल्ड विजन के छात्र छात्राओं ने शिक्षा प्रद गीत तो प्राइमरी विंग के विद्यार्थियों ने सुन्दर प्रभु वन्दना से समां बांध दिया और प्रत्येक कार्यक्रम के सहारे बाबू जी को स्मरण करते हुए उनको श्रद्धा नमन किया गया। एम.जी. चेरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन सतीश चन्द गोयल ने अपने सम्बोधन में कहा कि बाबू जी से मुझे विरासत में समाज सेवा का संकल्प मिला है। जीवन के आखिरी क्षणों तक भी उनको समाज की चिंता ही रही। उन्होंने गंगा घाट और श्मशान के लिए सेवा के साथ ही मुझे शिक्षा के दान की विरासत दी है। मैंने हर संभव प्रयास किया कि उनके आदर्श को अपनाकर समाज के जरूरतमंद लोगों को मदद पहुंचा सकूं। निर्धन प्रतिभावान बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए हमारा प्रयास निरंतर जारी है। बेटियों को शिक्षित बनाने के लिए भी हम हर संभव कदम उठा रहे हैं। हमारा प्रयास है कि सभी को शिक्षा मिले, क्योंकि समाज और राष्ट्र की उन्नति शिक्षा के सहारे ही की जा सकती है। एम.जी. पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष भीम सेन कंसल ने कहा कि बाबू हरबंस लाल जी सभी के प्रेरणास्रोत और धैर्यशाली व्यक्ति थे। अपने जीवन में उन्होंने हमेशा ही समाज के प्रति समर्पित रहते हुए सेवा भाव को जीवित रखा। नई पीढ़ी को शिक्षित करने के लिए विद्यालय बनाये और उनके अनुभव तथा आदर्श हमें जीवन पर्यन्त शिक्षित करते हुए सेवा करने की प्रेरणा देते रहेंगे। प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने अपने सम्बोधन में कहा कि एम.जी. परिवार सौभाग्यशाली रहा है जोकि बाबू जी जैसी पवित्र आत्मा का साथ मिला। उनके आदर्श हमें निरंतर समाज और देश के प्रति योगदान तथा सेवा के लिए निरंतर प्रेरित करते रहेंगे। उन्होंने सुन्दर और शिक्षा प्रद काव्य पाठ के सहारे अपनी भाव श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में 19 जुलाई को विद्यालय प्रांगण में आयोजित कराई गई इंटर स्कूल ड्राईंग एण्ड पेंटिंग कॉम्पीटिशन ग्रुप-ए प्रोट्रेट मेकिंग में विजेता रहे छात्र छात्राओं अवंतिका सिंह, मयंक प्रजापत और अधिराज जयंत तथा ग्रुप-बी पेंटिंग प्रतियोगिता की विजेता छात्राओं मेधा सिंधी, अवंतिका राठी और आराध्या को पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही स्कूल के सहायक कर्मचारियों शिव कुमार, पूनम, राकेश, मनीष कुमार, सोनी और पूनम को साइकिल और सिलाई मशीन उपहार स्वरूप भेंट की गई। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों को भी पारितोषिक दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सतीश चन्द गोयल, मधु गोयल, वैभव गोयल, भीम सेन कंसल, विकास गोयल, विनीत सिंघल, रोहित सिंघल, माधवी स्वरूप, डॉ. अविनाश रमानी, दिनेश मोहन एडवोकेट, राजीव जैन, एडीजीसी विक्रांत राठी, सीए अजय अग्रवाल, वरदान चौधरी, राशि चौधरी, आशीष गुप्ता, विभोर अग्रवाल, अपर्णा जैन, शुधात्म जैन, अजय गर्ग, अलका मलिक, अमित पंवार, सत्यवीर सिंह, डॉ. अशोक कुमार, अंकित राणा, मूलराज सिंह, आरएसएस के सहसेवा प्रमुख मनीष कुमार सहित शिक्षक, शिक्षिका एवं विद्यार्थी मौजूद रहे। संचालन ऋतु सिक्का एवं नीति द्वारा किया गया।

धरना समाप्त होने के बाद एसके बिटटू को उनके प्रतिष्ठान की चाबी लौटाते अंकुर दुआ।

एसडी इंजीनियरिंग कॉलेज में टॉपर्स विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

मुजफ्फरनगर, 04 अगस्त (बु.)। जानसठ रोड़ स्थित एस. डी. कालेज ऑफ इन्जिनियरिंग एंड टैक्नोलोजी में बी. टेक. कम्प्यूटर साइंस एंड इंजी. व इनफॉरमेशन टैक्नोलोजी के टॉपर्स के लिये सम्मान समारोह आयोजित किया गया। बी. टेक. कम्प्यूटर साइंस एंड इंजी. के अन्तिम वर्ष की छात्रा पलक शर्मा ने 83.35% के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, तान्या त्यागी 80.17% तथा अंशु गर्ग 80.17% के साथ द्वितीय स्थान पर रहे। बी.टेक. इनफॉरमेशन टैक्नोलोजी की अंतिम वर्ष की छात्रा निशा ने 79.35%, अमीषा गुप्ता ने 78.17% व स्पर्श गौतम ने 76.88% के साथ क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। सचिव अनुभव कुमार ने ब्रांच टॉपर्स को संबोधित करते हुए कहा कि यदि आप सूर्य की तरह चमकना चाहते है तो सूर्य की तरह तपना सीखो। तप अनुशासन, मेहनत व लक्ष्य के प्रति समर्पण सफलता की कुँजी है। युवा इंजीनियर्स राष्ट्र के निर्माता व भविष्य की आधारशिला है। युवाओं को राष्ट्र एवं समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को सदैव स्मरण रखना चाहिये। निदेशक डा. सिद्वार्थ शर्मा ने पास आउट छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये कहा कि परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा है तथा संस्थान तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट स्थान बना चुका है, जिसका लाभ इंजी. शिक्षा के युवा आकांक्षी उठा रहे हैं।

पूर्व केन्द्रीय मन्त्री ने भोकरहेड़ी में किया पौधों का वितरण

भोपा, 04 अगस्त (बु.)। एक वृक्ष मां के नाम अभियान के अन्तर्गत भाजपा नेता अमित राठी द्वारा क्षेत्र में वृहद स्तर पर हर घर पौधा कार्यक्रम चलाया हुआ है। इसी क्रम में पूर्व केन्द्रीय मन्त्री डॉ.संजीव बालियान ने भोकरहेड़ी में पौधों का वितरण किया व वृक्षारोपण कर पर्यावरण को सुन्दर बनाने का आह्वान किया।

कस्बा भोकरहेड़ी के मोहल्ला नेहरू चौक में स्थित आर्य समाज मंदिर में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मन्त्री डॉ.संजीव बालियान ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रत्येक क्षेत्र में देश को विकसित कर रहे हैं। देश को हरा भरा स्वच्छ व सुंदर बनाने के अभियान में वृक्षारोपण को भावनात्मक रूप से जोड़ा गया है। युवा नेता अमित राठी ने घर घर पौधा वितरण का जो सफल अभियान चलाया है।

उसके शानदार परिणाम प्राप्त होंगे। मीराँपुर विधानसभा उपचुनाव से पूर्व मोरना मिल की पेराई क्षमता को बढ़ाया जायेगा। भाजपा सरकार में जो बदलाव हुए हैं। उनकी कल्पना भी असम्भव थी। जाति धर्म के नाम पर राजनीति न करें। जाति -धर्म शादी के लिये हैं। राजनीति के लिये नहीं है। विकास कार्यो पर फोकस करें। जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी व अमित राठी ने कहा कि वृक्षारोपण आज की आवश्यकता है। प्रत्येक के सहयोग से यह कार्य प्रगति पर है।कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ.चन्द्रपाल सिंह ने की व संचालन सुमित सहरावत ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष मौसम सहरावत, मदनपाल एडवोकेट, हरीश अहलावत, शरद पँवार, संजीव सहरावत, अश्विनी सहरावत, चन्द्रवीर सहरावत, वरुण सहरावत, डॉ. वीरपाल सहरावत, अरुणपाल, रविन्द्र वाल्मीकि, भूपेंद्र वाल्मीकि, योगेश प्रधान, अनुज पहलवान, अफसर अली, वन विभाग के नन्द किशोर शर्मा, अमित कुमार, मोनू सहरावत, चौ. बृजवीर सिंह, विपुल सहरावत, अमित सालार, डॉ. अनिल कुमार, रवि आर्य, संजय कुमार, पुनीत खोकर आदि मौजूद रहे।

आरएसएस के पुरोधा नरेन्द्र गोयल का निधन

मुजफ्फरनगर, 04 अगस्त (बु.)। पुरकाजी कस्बे के आरएसएस के वरिष्ठतम स्वयं सेवक नरेन्द्र गोयल का रविवार में उनके निवास पर निधन हो गया। आरएसएस से बचपन से जुड़े रहे 80 वर्षीय नरेन्द्र गोयल ने कस्बे में संघ की शाखा से युवाओं को जोड़े रखा। श्रीराम मंदिर आंदोलन में भी नरेन्द्र गोयल ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था। कभी आरएसएस के जिला प्रचारक रहे मौजूदा समय में राष्ट्रीय संत विजय कौशल जी महाराज के वे काफी नजदीकी रहे थे। उनके भतीजे संघ के खंड कार्यवाह अनूप गोयल ने बताया कि वे पिछले लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार पुरकाजी श्मशान घाट पर देर सांय किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे। उनके निधन पर नवीन गोयल, सुशील वर्मा, श्यामवीर शर्मा, आकाश गोयल, निर्दोष जैन, संदीप गोयल, धीरज गर्ग, सिद्धांत शर्मा ने शोक जताया। वे अपना भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

आइडियल किड्स स्कूल में फ्रेंडशिप डे मनाया गया

मुजफ्फरनगर, 04 अगस्त (बु.)। नई मंडी स्थित आइडियल किड्स स्कूल में फ्रेंडशिप डे हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक पीके जैन ने बच्चों की कलाई में फ्रेंडशिप बैंड बांध कर किया। बच्चों ने शेर और चूहे की कहानी का मंचन कर संदेश दिया कि किसी को भी छोटा ना समझा जाए क्योंकि जिस चूहे को शेर ने माफ किया था, उसी चूहे ने शेर के प्राण बचाए। इसके अतिरिक्त बच्चों ने छोटे छोटे तमाशे एवं तेरा यार हूं मैं आदि गीतों पर सुंदर नृत्य किये। इस अवसर पर स्कूल निदेशक पी.के.जैन ने मित्रता दिवस की शुभकामनाएं दी एवं मित्र,मित्रता एवं मैत्री भाव की सुंदर विवेचना करते हुए कहा कि संपूर्ण विश्व की शांति के लिए मैत्री भाव परम आवश्यक है। भारत तो अतीत काल से ही मित्रता को सर्वोपरि मानता आया है। यही कारण है कि आज भी विश्व में भारत का अधिकांश देशों से अच्छा संबंध है। स्कूल में ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने का उद्देश्य बच्चों में सामाजिक भावना का बीजारोपण करना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में कॉर्डिनेटर पूनम गर्ग के साथ ही विद्यालय के सम्पूर्ण स्टाफ का योगदान रहा।

बाइक व अज्ञात वाहन की टक्कर में 3 घायल

बुढ़ाना, 04 अगस्त (बु.)। एक अज्ञात वाहन चालक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें दो महिला और बाइक चालक घायल हो गया। घायलों को पुलिस ने हस्पताल पहुंचाया तो चिकित्सकों ने तीनों घायलो को जिला चिकित्सालय के लिए रैफर कर दिया। जहां एक घायल की हालत गंभीर बनी है। मिली जानकारी के अनुसार विशाल पुत्र राजू निवासी बड़ौत जनपद बागपत रविवार की देर सायं अपनी बाइक पर सवार होकर अपनी पत्नी दिव्या और बहन तनु को लेकर मुजफ्फरनगर जा रहा था। जब वह बुढ़ाना कोतवाली की बायवाला चौकी से आगे निकला तो विपरीत दिशा से आ रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें तीनों सड़क पर गिर पड़े और वाहन चालक घटना को अंजाम देकर भाग गया। उधर आते जाते हुए लोगों ने इसकी सूचना बायवाला पुलिस चौकी पर तैनात कुछ पुलिसकर्मी को दी तो पुलिसकर्मी तुरन्त घटनास्थल की और दौड़ पड़े तथा खून से लथपथ तीनों घायलो को एक बुढ़ाना कस्बे के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सकों ने तीनों घायलों विशाल, दिव्या और तनु को गंभीर हालत में जिला मुजफ्फरनगर अस्पताल के लिए रैफर कर दिया। जहां पर तनु की हालत गंभीर बताई जा रही है।

बाइक की टक्कर से किसान घायल

मीरापुर, 04 अगस्त (बु.)। क्षेत्र में बाइक की टक्कर लग जाने से एक किसान को काफी चोट लग गई। बाइक चालक के खिलाफ पुलिस को शिकायत दर्ज कराई गई है।

गांव खेड़ी सराय निवासी किसान जुम्मा पुत्र दुल्ला रविवार की दोपहर अपने खेतों में काम करके पैदल वापस अपने घर आ रहा था। जैसे ही वह गांव के समीप पहुंचा तो सामने से तेज गति से लापरवाही से बाइक चला कर आ रहे भूम्मा निवासी सन्त पुत्र अजीत ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। हादसे के बाद बाइक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घायल को सीएचसी जानसठ में भर्ती कराया है। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है।

मीरापुर विधानसभा में क्षेत्रीय प्रत्याशी की मांग को लेकर जुटे ग्राम प्रधान

भोपा, 04 अगस्त (बु.)। मीरांपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर लगातार सरगर्मियां जारी हैं। क्षेत्रीय विधायक होने की माँग काफी समय से उठती रही है। उपचुनाव में अब यह माँग फिर से मुखर होने लगी है। मोरना में ग्राम प्रधानों ने मीटिंग कर प्रत्याशी के क्षेत्रीय होने की माँग की है।

मोरना में शुकतीर्थ मार्ग पर स्थित बैंक्विट हॉल में क्षेत्र के ग्राम प्रधानों द्वारा रविवार को एक मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वेन्द्र उर्फ मिन्टू राठी ने अपने सम्बोधन में कहा कि मीरांपुर विधानसभा से क्षेत्र का ही कोई व्यक्ति विधायक निर्वाचित हो। ऐसी मांग क्षेत्र की जनता की है। बाहरी प्रत्याशी जीतने के बाद कभी क्षेत्र की समस्याओं पर ध्यान नहीं देते हैं। क्षेत्र के विकास के लिये क्षेत्र का प्रत्याशी होना भी जरूरी है। आगामी मीटिंग रक्षा बन्धन के बाद बड़े स्तर पर आयोजित की जायेगी, जिसमें विधायक बनाने की रणनीति बनाई जाएगी। नरेन्द्र प्रधान बेहड़ा सादात ने कहा कि आपसी एकता को मजबूत कर क्षेत्र के व्यक्ति को ही विधायक बनाकर एक संदेश राजधानी लखनऊ तक पहुंचाया जायेगा। बाहरी प्रत्याशी को नकारने के लिये एकजुटता के साथ खड़ा होना है। रविन्द्र प्रधान ने कहा कि क्षेत्र का विकास क्षेत्र का विधायक ही कर सकता है। जनता की सेवा के लिये चौबीस घण्टे उपलब्ध रहने वाले क्षेत्र के व्यक्ति को विधायक बनाया जायेगा।

इस अवसर पर दुष्यंत कुमार, शान मोहम्मद, मौ.महताब, आबिद हुसैन, बबलू चौधरी, सतबीर सिंह, भोपाल सिंह, सहदेव सिंह उर्फ मोनू प्रधान, रवि कुमार, आबिद खान, टीनू चौधरी, राणा प्रताप सिंह, भान सिंह, संजु चौधरी, डॉ.जबर सिंह आदि मौजूद रहे।

गांव भंगेला में मिली व्यक्ति की सड़ी-गली लाश

मुजफ्फरनगर, 04 अगस्त (बु.)। सीओ राम आशीष यादव ने बताया कि थाना खतौली पुलिस को ग्राम भंगेला निवासी मुकेश कुमार के गन्ने के खेत में एक अज्ञात पुरुष का शव सड़ी गली अवस्था में पड़ा होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना के बाद पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है। पुलिस द्वारा शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

बकरी की टांग तोड़ने पर बाग मालिक समेत छह पर दर्ज हुआ केस

पुरकाजी, 04 अगस्त (बु.)। आम के बाग में घुसी बकरी की टांग तोड़ने के प्रकरण में पुलिस द्वारा एक पक्ष का मुकदमा दर्ज करने की शिकायत मिलने के बाद एसएसपी के आदेश पर थाना पुलिस ने बकरी मालिक की तहरीर पर आम बाग मालिक समेत छह लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। विगत दिनों थाना क्षेत्र के भोजाहेड़ी गांव में बकरी आम के बाग में घुसने को लेकर दो पक्ष भिड़ गए थे। इस दौरान आरोप था कि बाग मालिक शान आलम व उसके पक्ष के लोगों ने बाग में घुसी बकरी की टांग तोड दी। वही विरोध करने पर बकरी मालिक पक्ष के साथ मारपीट की गई। उक्त प्रकरण में आरोप था कि थाना पुरकाजी पुलिस ने बाग मालिक की तहरीर पर उल्टे बकरी मालिक उस्मान उर्फ पप्पू समेत उसके परिवार के पांच लोगों के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज कर दिया गया था।

बकरी मालिक पक्ष द्वारा थाना पुरकाजी पुलिस की कारगुजारी की शिकायत एसएसपी से कर अपने पक्ष का भी मुकदमा दर्ज कराने की गुहार लगाई गई। रविवार में एसएसपी के आदेश पर थाना पुरकाजी पुलिस ने दूसरे पक्ष के शान आलम, मनव्वर, नूसरत, नगमा आदि छह लोगों के खिलाफ बकरी की टांग तोड़ने का विरोध करने पर मारपीट करने का क्रोस केस दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि बाग मालिक पक्ष के व्यक्ति को भी चोटे आई थी। उसका मेड़िकल के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया था।

1973-2024

सम्पादक की क़लम से

संसद में वक्फ बोर्ड संशोधन बिल

आज पांच अगस्त को मोदी सरकार संसद में वक्फ बोर्ड संशोधन बिल प्रस्तुत कर सकती है। वक्फ बोर्ड संशोधन बिल संसद में प्रस्तुत होने से पहले ही चर्चा में आ गया है। ओवैसी ने वक्फ बोर्ड संशोधन बिल को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि मोदी की हुकुमत वक्फ बोर्ड के अधिकार को छीनना चाहती है। बीजेपी हमेशा से वक्फ बोर्ड के खिलाफ रही है। बीजेपी वक्फ बोर्ड को खत्म करना चाहती है। केंद्र सरकार ने खुद ही इस विधेयक की जानकारी को मीडिया को लीक किया है। यह जानकारी सरकार को पहले संसद में देना चाहिये। ओवैसी की बात का कुछ और सांसदों ने भी समर्थन किया है, ओवेसी यह भी जानते हैं कि नरसिम्हा राव सरकार ने वक्फ बोर्ड को काफी अधिकार दिए। वक्फ का अर्थ है,खुदा के नाम पर अर्पित वस्तु, लोकोपकारार्थ दिया गया धन। मोदी सरकार अब वक्फ बोर्ड की शक्तियां कम करने का प्लान बना चुकी है। वक्फ बोर्ड के असीमित अधिकारों पर लगाम की दिशा में केंद्र सरकार ने संशोधन प्रस्तावित किए हैं। इनमें वक्फ संपत्तियों का अनिवार्य वेरिफिकेशन शामिल है। इससे संपत्तियों के दुरुपयोग पर रोक लगाने की कोशिश होगी। देशभर में 8.7 लाख से अधिक संपत्तियां, कुल मिलाकर लगभग 9.4 लाख एकड़, वक्फ बोर्ड के अधिकार क्षेत्र में हैं। प्रस्तावित संशोधनों के तहत, वक्फ बोर्ड के दावों का अनिवार्य रूप से वेरिफिकेशन किया जाएगा। ऐसा ही एक अनिवार्य वेरिफिकेशन उन संपत्तियों के लिए भी प्रस्तावित किया गया है, जिनके लिए वक्फ बोर्ड और व्यक्तिगत मालिकों ने दावे और जवाबी दावे किए हैं। देश में एक सेंट्रल वक्फ बोर्ड और 32 स्टेट बोर्ड हैं। केंद्रीय अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री सेंट्रल वक्फ बोर्ड का पदेन अध्यक्ष होता है। अब तक की सरकारों में वक्फ बोर्ड अनुदान दिया जाता रहा है। मोदी सरकार में भी वक्फ को लेकर उदारता दिखाई गयी। सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने नियम बनाया कि अगर वक्फ की जमीन पर स्कूल, अस्पताल आदि बनते हैं, तो पूरा खर्च सरकार का होगा। यह तब हुआ जब मुख्तार अब्बास नकवी अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री थे। अब इस नये बिल में किसी जमीन को अपनी संपत्ति यानी वक्फ की संपत्ति बताने वाली पावर पर रोक लगेगी। सूत्रों के मुताबिक, शुक्रवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में वक्फ कानून से जुड़े 40 संसोधन पर चर्चा के बाद इसे मंजूरी दे दी गई। प्रस्तावित बिल में मौजूदा कानून से जुड़े कई क्लॉज हटाए जा सकते हैं। वक्फ बोर्ड को लेकर कुछ ऐसी खबरें भी आती रही हैं, जो हैरान करने वाली हैं। कुछ समय पहले खबर आई थी कि वक्फ बोर्ड ने पूरे गाँव ही को अपनी संपत्ति होने का दावा कर दिया। सरकारी जमीनों, नजूल की जमीनों पर दावा करने के तो मामले अक्सर आते ही रहते हैं। एक बार हिंदुओं के पूरे गाँव ही को वक्फ संपत्ति घोषित कर दिया था। सितंबर 2022 में तमिलनाडु से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया था, जहाँ वक्फ बोर्ड ने हिंदुओं के पूरे गाँव 1100 साल पुराने मंदिर पर दावा ठोक दिया था। तमिलनाडु वक्फ बोर्ड ने त्रिची के नजदीक स्थित तिरुचेंथुरई गाँव को वक्फ संपत्ति घोषित कर दिया था। जब राजगोपाल नाम के व्यक्ति ने अपनी जमीन बेचने का प्रयास किया, तो यह मामला समाने आया था। राजगोपाल जब अपनी जमीन बेचने के लिए रजिस्ट्रार ऑफिस पहुँचे, तो उन्हें पता चला कि जिस जमीन को बेचने के बारे में वह सोच रहे हैं वह उनकी है ही नहीं बल्कि, जमीन वक्फ हो चुकी है और अब उसका मालिक वक्फ बोर्ड है। इतना ही नहीं, सारे गाँव वालों की जमीन ही वक्फ संपत्ति घोषित हो चुकी थी। इसके बाद यह मामला राष्ट्रीय सुर्खी बनी थी। इसी तरह तेलंगाना वक्फ बोर्ड ने राजधानी के एक नामी 5 स्टार होटल मैरियट को ही अपनी जागीर घोषित कर दिया था। हालाँकि, हाई कोर्ट ने उसके इस मंसूबे को धाराशायी कर दिया था। दरअसल, साल 1964 में अब्दुल गफूर नाम के एक व्यक्ति ने तब वायसराय नाम से चर्चित इस होटल पर अपना हक जताते हुए मुकदमा कर दिया था। मुकदमे में वक्फ अधिनियम 1954 का हवाला दिया गया था, जिसकी वजह से होटल मैरियट की सम्पत्ति विवादित घोषित हो गई थी। लगभग 50 वर्षों तक वक्फ बोर्ड ने यह मामला कानूनी पेचीदगियों में उलझाए रखा। साल 2014 में एक बार फिर तेलंगाना राज्य वक्फ बोर्ड होटल मैरियट के खिलाफ सक्रिय हुआ। मामला हाईकोर्ट में पहुँचा, तो अंतिम फैसला होटल मैरियट के पक्ष में आया। वक्फ बोर्ड देशभर में जहां भी कब्रिस्तान की घेरेबंदी करवाता है, उसके आसपास की जमीन को भी अपनी संपत्ति करार दे देता है। इन मजारों और आसपास की जमीनों पर वक्फ बोर्ड का कब्जा हो जाता है। चूंकि 1995 का वक्फ एक्ट कहता है कि अगर वक्फ बोर्ड को लगता है कि कोई जमीन वक्फ की संपत्ति है, तो यह साबित करने की जिम्मेदारी उसकी नहीं, बल्कि जमीन के असली मालिक की होती है कि वो बताए कि कैसे उसकी जमीन वक्फ की नहीं है। 1995 का कानून यह जरूर कहता है कि किसी निजी संपत्ति पर वक्फ बोर्ड अपना दावा नहीं कर सकता, लेकिन यह तय कैसे होगा कि संपत्ति निजी है? अगर वक्फ बोर्ड को सिर्फ लगता है कि कोई संपत्ति वक्फ की है, तो उसे कोई दस्तावेज या सबूत पेश नहीं करना है। सारे कागज और सबूत उसे देने हैं, जो अब तक दावेदार रहा है। कौन नहीं जानता है कि कई परिवारों के पास जमीन का पुख्ता कागज नहीं होता है। वक्फ बोर्ड इसी का फायदा उठाता है, क्योंकि उसे कब्जा जमाने के लिए कोई कागज नहीं देना है। अगर आपकी संपत्ति को वक्फ की संपत्ति बता दी गई, तो आप उसके खिलाफ कोर्ट नहीं जा सकते। आपको वक्फ बोर्ड ही से गुहार लगानी होगी। वक्फ बोर्ड का फैसला आपके खिलाफ आया, तब भी आप कोर्ट नहीं जा सकते। तब आप वक्फ ट्राइब्यूनल में जा सकते हैं। इस ट्राइब्यूनल में प्रशासनिक अधिकारी होते हैं। उसमें गैर-मुस्लिम भी हो सकते हैं। वक्फ एक्ट का सेक्शन 85 कहता है कि ट्राइब्यूनल के फैसले को हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट में भी चुनौती नहीं दी जा सकती है। इसी प्रकार की बंदिशों को हटा सकता है यह नया बिल, इसी लिए इतनी खलबली है। वैसे भी 5 अगस्त का दिन विशेष महत्व रखता है। मोदी सरकार ने 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का बिल संसद में पेश किया था। इसके बाद पीएम मोदी द्वारा 5 अगस्त 2020 को अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया था।

चार तीर

सुनील उत्सव

"नाजायज" "रिक्शाएं" "सवारी" "व्यापारी"

गलत ढंग से जो चलते हैं,उन्हें अब टोकना होगा।
जो नाजायज हैं रिक्शाएं, उन्हें अब रोकना होगा।।
सवारी हो या व्यापारी, सभी की जिम्मेदारी है,
नगर हम सबका है प्यारे, सभी को सोचना होगा।

लायंस क्लब लोटस ने मनाया हरियाली तीज का त्यौहार

मुजफ्फरनगर, 04 अगस्त (बुस.)। आज लायंस क्लब लोटस के द्वारा हरियाली तीज का त्यौहार राजमहल बैंकेट हॉल में धूमधाम से मनाया गया। बॉलीवुड थीम पर सभी महिला सदस्य अलग अलग अभिनेत्रियों की वेशभूषा में आई तथा नृत्य प्रस्तुत किया। सभी महिलाओं को श्रृंगार का सामान गिफ्ट भेट किया गया। विभिन्न गेम्स का आयोजन किया गया। प्रथम पुरस्कार लायंस क्लब की चार्टर प्रेसिडेंट लायन डॉ. अनुराधा वर्मा ने देवदास की पार्वती चक्रवर्ती पारो के किरदार एवं नृत्य के लिए प्राप्त किया। द्वितीय पुरस्कार लायंस क्लब की सेक्रेटरी लायन प्रिया माहेश्वरी को कंगना रनौत के तनु वेड्स मनु के तनु के किरदार एवं नृत्य के लिए मिला। लायन अनुपमा कोषाध्यक्ष, लायन संजू तोमर, लायन तनु कपूर, लायन रेणुका रेहान, लायन सोनिया वर्मा, लायन मिनी अरोड़ा, लायन मधु रानी आदि सभी लोटस लायन मेंबर्स ने आनंद से उत्सव मनाया तथा कार्यक्रम के अंत में भोजन उपरांत तीज क्वीन के रूप में सभी महिलाओं को लायन सचिव प्रिया माहेश्वरी ने धन्यवाद दिया।

11 को जज्बा दौड़ में जज्बा दिखाएंगे जांबाज

- 8 अगस्त को बाइक रैली के बूते होगा जागरुकता कार्यक्रम

मुजफ्फरनगर, 04 अगस्त (बु.)। देश के शहीदों एवं महान लोगो को समर्पित जज्बा दौड़ के के बूते सभी वर्गो को एक मंच पर लाने की पहल शुरू की गई है। मीडिया से वार्ता करते हुए सत्य प्रकाश रेशू व समर्पित युवा के अध्यक्ष गुलशन अरोरा ने बताया कि युवक-युवतियों के साथ ही अभिभावको में 11 अगस्त की प्रातः 6 बजे होने वाली जज्बा दौड़ में दौड़ने के लिए उत्साह है। जज्बा दौड़ में बड़ी संख्या में जगह-जगह फार्म उपलब्ध कराने की साथ स्कूल- कॉलेजों व संस्थानो में भी छात्र- छात्राओं के लिए जज्बा दौड़ के फार्म उपलब्ध कराये जा रहे हैं, जिसकी जिम्मेदारी अतुल आनंद देख रहे हैं। उन्होंने बताया कि जज्बा दौड़ के मुख्य आर्कषण सभी दौड़ने वाले पंजीकृत धावकों को टी-शर्ट मिलेगी। साथ ही सभी दौड़ने वालों को लक्की ड्रॉ के आधार पर 2 ई-स्कूटर, 15 साइकिल, कुकर, पंखे एवं अन्य आर्कषण पुरस्कार दिये जायेंगे। उन्होंने बताया कि दौड़ में दौड़ने वाले धावक बागपत, गाजियाबाद, शामली, मेरठ, बुलंदशहर, हापुड़, बिजनौर, हरिद्वार, सहारनपुर, चंड़ीगढ़, नोएडा आदि स्थानों से आते रहे हैं। मीडिया के सहयोग से दौड़ का प्रदर्शन अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर युवा पीढ़ी में आजादी के प्रति सदभावना भरती रही है, जिससे नई पीढ़ी को भी शहीदों की कुर्बानी याद रहेगी। समर्पित युवा समिति के अमित पटपटिया व हितेश आनंद ने बताया कि बाइक रैली 8 अगस्त को गांधी वाटिका, गांधी कॉलोनी से पुलिस प्रशासन के नेतृत्व में शहर की मुख्य सड़कों पर निकाली जायेगी। जो रेशू विहार पर एक बैठक का रूप ले लेगी। दौड़ संयोजक अजय अनेजा ने बताया कि 11 अगस्त की जज्बा दौड़ पहले छात्राओं की फिर छात्रो की शहर के लोगों के झंडी दिखाकर शुरू की जायेगी। छात्राओं व महिलाओ की दौड़ गवर्नमेंट कॉलेज के गेट नं. 1 से 131 फीट ऊंचे तिरंगे को नमन करने के बाद महावीर चौक, मीनाक्षी चौक, शिव चौक, झांसी रानी, प्रकाश चौक से वापस महावीर चौक होती हुई गवर्नमेंट कॉलेज के सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सम्मान उत्सव में परिवर्तित हो जायेगी। छात्रों एवं पुरूषों की दौड़ करीब 15 मिनट के बाद गवर्नमेंट कॉलेज के गेट नं. 2 से महावीर चौक, मीनाक्षी चौक, शिव चौक, जिला अस्पताल, घास मंडी, अंसारी रोड़, मालवीय चौक, झांसी रानी, प्रकाश चौक होते हुए गवर्नमेंट कॉलेज में संपन्न लक्की ड्रॉ विजेताओं के देश भक्ति कार्यक्रम में परिवर्तित होगी। पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने जज्बा दौड़ को अपनी महत्वपूर्ण उपलब्धि समझते हुए हर प्रकार से दौड़ को सफल बनाने के प्रयास शुरू कर दिए है। ऐसे में पीने का पानी, सुरक्षा, यातायात, गड्ढा मुक्त सड़के, साफ-सफाई, एम्बुलेंस, डॉक्टर, बाथरूम, पुष्प वर्षा, पाइलट गाड़ी आदि की जिम्मेदारी भी तय कर दी गई है। इस दौरान युवा समिति महिला विंग की मनी पटपटिया, राखी ग्रोवर, मोनाली पंवार, शालिनी आनंद, पारूल, अंशु भाटिया ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

राजवंश भवन में धूमधाम से मनाया तीज का त्यौहार

मुजफ्फरनगर, 04 अगस्त (बुस.)। वैश्य अग्रवाल राजवंश सभा की महिला सभा के द्वारा लक्ष्मण विहार स्थित राजवंश भवन पर तीज का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया, जिसकी मुख्य अतिथि डॉ. प्रीति गर्ग रही। अध्यक्षता शुभ्रा गुप्ता और संचालन उपाध्यक्ष रेनू गर्ग और निष्ठा सिंगल ने किया। कार्यक्रम में महिलाओं के द्वारा सुंदर हरियाली तीज के गीत प्रस्तुत किये गये तथा निष्ठा सिंघल, नेहा, भावना, शिखा, गायत्री, शिप्रा, निधि, प्रियंका, आरोही, प्रीति गुप्ता ने सुन्दर गीतों पर डांस किया। तम्बोला आदि गेम खेल कर जीतने वालों को उपहार दिये गये। तीज क्वीन का खिताब वर्णिका गुप्ता और प्रीति गोयल को दिया गया। नन्हे बच्चों के द्वारा भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। मुख्य रूप से महिला सभा के द्वारा पुरुष सभा का कार्यक्रम में सहयोग करने पर राजेंद्र गर्ग, शलभ गुप्ता, कुलदीप गुप्ता , विपिन गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता आलू वाले, प्रशांत कुमार, अलोक कुमार, योगेश गर्ग, अमित गुप्ता, वासु गुप्ता आदि का आभार प्रकट कर उपहार भेट किये। मुख्य रूप से,बिना कुमार, रेनू गर्ग, साधना सिंघल, टीना, निधि, शिखा, गायत्री, प्रीति, निशा, नेहा, भावना, प्रियंका, अमिता गुप्ता, बबिता गुप्ता, रूपा गर्ग, रेखा गुप्ता, सताक्षी गर्ग, अवनी गुप्ता, वर्णिका गुप्ता, प्रीति गोयल आदि सैंकड़ों महिलायें मौजूद रही।

शिवभक्ति में भजनों पर रातभर नाचे श्रद्धालु

चरथावल, 04 अगस्त (बु.)। बाजार कलां स्थित शिवचौक पर देर रात तक भजन संध्या में श्रद्धालु झूमते रहे। पानीपत के कलाकारों की प्रस्तुति पर भक्तजन शिव भक्ति में सरोबार हो गये। कस्बे में शिव चौक पर कमेटी ने सावन शिवरात्रि के अवसर पर रात्रि में शिव संध्या आयोजित की। महाआरती में कस्बे के लोग भारी तादाद में मौजूद रहे। 31 श्रद्धालु भोले बाबा की आरती में यजमान रहे। आचार्य हरिओम शर्मा ने महाआरती संपन्न कराई। पानीपत के रवि आहूजा ने अनेक भजन सुनाए, जिससे श्रद्धालु झूम उठे। उमंग शर्मा, मयंक कंसल, निधीश, मनीष पाल, दीपक, संजय शर्मा, सिंटू गोयल, आलोक गर्ग आदि थे।

पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री संजीव बालियान ने दी मृतकों के परिजनों को सांत्वना

जानसठ, 4 अगस्त (बु.)। कस्बे व क्षेत्र में 6 दिन पर हरिद्वार से गंगाजल लाते समय दो कांवड़ियों की सड़क दुर्घटना में मौत होने पर पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री संजीव बालियान व भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी ने कार्यकर्ताओं के साथ मृतक परिवार के घर पहुंचकर सांत्वना दी। रविवार को पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री संजीव बलियान व जिला अध्यक्ष सुधीर सैनी ने कार्यकर्ताओं के साथ जानसठ कस्बे के मौहल्ला गंज निवासी राजेश कुमार व गांव भलेड़ी निवासी 10 वर्षीय ईशू प्रजापति की 6 दिन पूर्व हरिद्वार से गंगाजल लाते समय सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। केंद्रीय राज्यमंत्री संजीव बालियान ने मृतक परिवारों के घर पहुंचकर सांत्वना दी और हर संभव इस दुख की घड़ी में परिवार के साथ खड़े होने और हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि परिवार में हुई क्षति को पूरा नहीं किया जा सकता, लेकिन आपस में इस दुःख की घड़ी में एक दूसरे के साथ खड़े होकर इस दुःख को बांटा जा सकता है। इस दौरान उनके साथ भाजपा जिला अध्यक्ष सुधीर सैनी, मंडल अध्यक्ष राजीव गुप्ता, एलडीबी के अध्यक्ष बृजेश रस्तौगी, सुरेंद्र बंसल, हर्ष स्वरूप, सभासद गौरव भटनागर, सुशील कुमार, हरीश अहलावत, विकास राजपूत, गौरव वाल्मीकि, पंकज कश्यप , अमित कुमार आदि मौजूद रहे ।

महिला ने जहरीला पदार्थ खाया उपचार के दौरान मौत

जानसठ, 4 अगस्त (बु.)। क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। इसकी सूचना पीआरवी और पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को उपचार के लिए सीएचसी जानसठ पहुंचाया, जहां से उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया। उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। रविवार को क्षेत्र के गांव नहटौर निवासी 90 वर्षीय किरणमई पत्नी स्वर्गीय भंवर सिंह ने जहरीला पदार्थ खा लिया, जिसकी सूचना किसी ने पीआरवी और पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने महिला को एम्बुलेंस द्वारा इलाज के लिए सीएचसी जानसठ पहुंचाया, जहां से महिला की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान महिला किरणमई की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी लक्ष्मण वर्मा ने बताया कि क्षेत्र के गांव नहटौर से नरेंद्र का फोन आया था कि उसकी मां ने जहरीला पदार्थ खा लिया है। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। महिला को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है। जांच कर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

आवश्यकता है
एक महिला (पार्ट टाईम) ऑफिस कार्य हेतु
एवं एक महिला (पार्ट टाईम) काउसंलर की
योग्यता- स्नातक व कम्प्यूटर का ज्ञान अनिवार्य
वेतन योग्यानुसार - अनुभवी को वरीयता
Interview दिनांक 7 व 8 अगस्त 2024
समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक बायोडाटा सहित निम्न पते पर सम्पर्क करें-
श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज
गाँधी कॉलोनी मेंन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मुजफ्फरनगर
Ph-9837283328, 9634519104, Email:abgvp1983@yahoo.com
NOTE- 10वीं ,12वीं (SCI/COM/ART) OPEN BOARD से करें
परिक्षायें- April /May व October/November के लिये भी सम्पर्क करें।

स्वयं एआरटीओ द्वारा रविवार को अवैध रिक्शाओं की चैकिंग की गयी।

धरना समाप्त होने के बाद शिवचौक पर आरती करते अंकुर दुआ।

धरना समाप्त हो जाने के बाद तुलसी पार्क में परिवार सहित पूजा-अर्चना करते अंकुर दुआ।



अवैध ई-रिक्शा की मुहिम में कामयाबी मिलने के बाद गांधी कॉलोनी की नन्हीं बच्ची मन्नत छाबड़ा पुत्री ओम छाबड़ा ने किया बुलेटिन का धन्यचाद। बोली- अंकल स्कूल से आते-जाते समय रोज रास्ते में लगता रहता था जाम। -फोटो बुलेटिन

शाहबुद्दीनपुर में श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ

- गीता मनीषी ज्ञानानंद महाराज ने भक्तों को दिखाया गीता चिंतन का मार्ग

मुजफ्फरनगर, 04 अगस्त (बु.)। स्व. वीरेन्द्र सिंह चेयरमैन की पुण्यतिथि पर रविवार को उनके परिजनों द्वारा शाहबुद्दीनपुर मंदिर में नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के प्रवचन के साथ हुआ। शाहबुद्दीनपुर गांव स्थित श्री राधा कृष्ण मन्दिर के निकट ठा. दिवाकर विक्रम सिंह सौलंकी द्वारा नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन किया। महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। परिवार सहित अन्य श्रद्धालुओं ने उनका चरण वंदन करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान भक्तों को प्रवचन करते हुए महामंडलेश्वर ज्ञानानंद जी महाराज ने गीता दर्शन कराये और उनको गीता चिंतन करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि गीता जी को अपनाकर ही कल्याण का मार्ग प्राप्त किया जा सकता है। इससे पूर्व दोपहर के समय महंत पंडित मनसुख शर्मा ने श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कार्यक्रम में भागवत पर प्रवचन करते हुए भक्तों को कल्याण का मार्ग दिखाया। इस दौरान मुख्य रूप से कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, सांसद हरेन्द्र मलिक, जिला सहकारी बैंक के सभापति ठा. रामनाथ सिंह, सदर ब्लॉक प्रमुख पति अमित चौधरी, जिला बार संघ के अध्यक्ष प्रमोद त्यागी एड, केशव पॉलीटेक्निक प्रबंधक आरके सिंघल, ब्रजपाल सिंह, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, पश्चिमी खाद सोसायटी के चेयरमैन बारू सिंह, जिला पंचायत सदस्य राहुल कुमार, विकास पुण्डीर, रामसेतु राणा, बिट्टू गोयल, अमरकांत एड, श्री कृष्ण कृपा परिवार से अतुल गर्ग, सुभाष गर्ग, लक्ष्मण शर्मा, श्री कृष्ण जानकी सरस्वती शिशु मन्दिर गांधी कालोनी के अध्यक्ष विकास आहुजा आदि मौजूद रहे।

क्रिकेट खेलने के दौरान भिड़े दो बच्चे, एक की मौत, परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से किया इन्कार

कानपुर, 4 अगस्त (एजेंसी)। जाजमऊ में केडीए कॉलोनी एकता पार्क में रविवार को क्रिकेट मैच में नो बॉल को लेकर दो बच्चों में विवाद हो गया। इसके बाद दोनों बच्चे एक-दूसरे का नाम लेकर चिढ़ाने लगे। विवाद इतना बढ़ा कि एक बच्चे ने दूसरे की गर्दन और छाती पर ताबड़तोड़ घूंसे बरसा दिए। बच्चा बेहोश हो गया और कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। पीड़ित परिवार ने पुलिस के कहने पर भी पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया। घटना की तहरीर भी नहीं दी। एकता पार्क मोहल्ले में रहने वाले शाहनवाज के घर में ही उनकी बेटी सारिया और नाती आरिज कमाल (11) भी रहता था। आरिज के पिता कमाल शहीद टेनरीकर्मी थे, उनकी कुछ साल पहले कैंसर से मौत हो चुकी है। आरिज कक्षा छह का छात्र था। रविवार को वह मोहल्ले में रहने वाले बच्चों के साथ क्रिकेट मैच खेल रहा था। आरिज बॉलिंग कर रहा था, जबकि एक टेनरीकर्मी का 11 साल का बेटा बैटिंग। आरिज ने गेंद फेंकी, जिसे बैटिंग कर रहे बच्चे ने नो बॉल कह दी। इसी बात पर दोनों में विवाद होने लगा। साथ में खेल रहे बच्चों ने बताया कि दूसरे बच्चा आरिज को कल्लू चाय वाला नाम से चिढ़ाने लगा। मृतक पिता को भी उल्टा-सीधा कहा। इस पर आरिज ने भी उसे भूरी नाम से चिढ़ाया।

महिला अधिकारी को धमकाने वाले जेल मंत्री से टीएमसी ने मांगा इस्तीफा

कोलकाता, 4 अगस्त (एजेंसी)। पूर्व मेदिनीपुर में शनिवार को प. बंगाल सरकार में अतिक्रमण हटाने से नाराज जेल मंत्री अखिल गिरि द्वारा महिला वन अधिकारी को धमकी देने और अपशब्द कहने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। राज्य में विपक्षी भाजपा द्वारा व्यापक विरोध के बाद अब टीएमसी ने उनसे इस्तीफा मांगा है। साथ ही पार्टी ने अखिल गिरी से महिला अधिकारी से माफी मांगने को कहा है। वहीं, पूर्व मेदिनीपुर जिले के कांथी में गिरि ने कहा कि वह इस्तीफा दे देंगे, लेकिन माफी नहीं मांगेंगे। गिरी रामनगर के विधायक हैं। राज्य वन विभाग की महिला अधिकारी मनीषा साहू को धमकी देने का वीडियो विलप सामने आने के बाद विवाद खड़ा हो गया था।

जलाभिषेक कर लौटे शिव भोले की अचानक मौत से कोहराम

भोपा, 04 अगस्त (बु.)। गांव गड़वाड़ा में शिव भोले की अचानक तबियत बिगड़ गयी। आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया जा रहा था कि रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। शिव भोले की अचानक मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव गड़वाडा निवासी पप्पू 58 वर्ष हरिद्वार से गंगाजल लेकर श्री पुरामहादेव में जलाभिषेक के बाद गांव वापस लौट रहा था। गांव स्थित शिव मंदिर पर रविवार को उसे चतुर्दशी के अवसर पर जलाभिषेक करना था। जैसे ही वह भोपा थाना क्षेत्र के गांव बेलडा. में पहुंचा, तो अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई। ग्रामीणों ने उसके परिजनों को मामले की सूचना दी। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और कांवड़िए पप्पू को चिकित्सक के पास ले जाने लगे, जिस पर पप्पू ने कहा कि पहले शिव मंदिर में मेरा लाया हुआ गंगाजल चढ़वा दिया जाए। उसके बाद इलाज के लिए ले जाया जाए, जिस पर ग्राम प्रधान गड़वाड़ा और ग्रामीण परिजनों के साथ मिलकर पप्पू को गांव के शिव मंदिर में ले गए और उसका गंगाजल चढ़वा दिया गया। उसके बाद उसे उपचार के लिए मुजफ्फरनगर ले जाया जा रहा था, तभी रास्ते में पप्पू की मौत हो गई, जिसके बाद परिजन शव को गांव में ले आए। परिजनों ने किसी भी कानूनी कार्रवाई करने से मना करते हुए शव का अंतिम संस्कार कर दिया है।

लखनऊ से पहुंचे अफसरों ने देखी एम्बुलेंस की व्यवस्था

मुजफ्फरनगर, 04 अगस्त (बु.)। पीड़ित मरीजों के साथ ही जरुरतमंदों की सेवा की खातिर स्वास्थ्य विभाग को मिली 108 और 102 एंबुलेंस वाहनों व उनमें लगे उपकरणों की जांच के लिए रविवार को लखनऊ से पहुंची टीम ने तमाम व्यवस्थाओं का सच जाना। टीम ने जनपद में चल रही एंबुलेंसों का निरीक्षण करने के साथ उनकी गुणवत्ता की जांच की। रविवार को मुजफ्फरनगर के स्वास्थ्य विभाग के दिनभर हाथ-पांव फूले रहे। यहां 108 व 102 एंबुलेंसों की गुणवता की जांच के लिए मुजफ्फरनगर में लखनऊ से पहुंचे क्वालिटी हेड विपिन शुक्ला ने सभी 108 और 102 एंबुलेंस का निरीक्षण किया। इस दौरान एंबुलेंस में, उपस्थित सभी दवाई की गुणवत्ता व आक्सीजन की उपलब्धता की जांच की गई। एंबुलेंस का रिस्पांस टाइम चेक हुआ। इस दौरान एंबुलेंस में साफ-सफाई रखने के दिशा-निर्देश देते हुए टीम अधिकारियों ने एंबुलेंस में उपस्थित कर्मचारियों को स्पष्ट कहा कि प्रत्येक लाभार्थी को अस्पताल ले जाते समय मरीज को फर्स्ट व आवश्यक दवाइयां देते हुए अस्पताल पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि एंबुलेंस को हाट स्पॉट पर रखे, जिससे जल्द से जल्द मरीज को एंबुलेंस उपलब्ध हो। अभी जिले में 108 की कुल 33 एंबुलेंस और 102 की कुल 24 एम्बुलेंस कार्यरत है, जो सभी के लिए निःशुल्क है। एम्बुलेंस सेवा के रीजनल आडिटर सुधीर सिंह, जिला आडिटर अभिषेक, मुकुल सिंह भी मौजूद रहे।

आपत्तिजनक पोस्ट से शिया समाज में भारी रोष

- दो युवक लगातार कर रहे शांति भंग का प्रयास

भोपा, 04 अगस्त (बु.)। जौली गांव में दो युवकों द्वारा धार्मिक भावनाओं को आहत कर शान्ति भंग करने का प्रयास लगातार किया जा रहा है। युवकों द्वारा पुनः आपत्तिजनक टिप्पणी से शिया समुदाय में रोष व्याप्त हो गया है।थाने पर पहुँचे समाज के व्यक्तियों ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की माँग की है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव जौली निवासी नाहिद ने बताया कि गांव निवासी तीन युवक अक्सर शिया समुदाय के खिलाफ टिप्पणी करते रहते हैं।हाल मे खाड़ी देश मे चल रहे घटनाक्रम व ईरान देश की भूमिका पर भावनात्मक टिप्पणी करने के साथ साथ तथा शिया समुदाय के धर्मगुरुओं के खिलाफ टिप्पणी करते रहते हैं। आरोपियों ने रविवार को इंटरनेट पर शिया समाज के मार्गदर्शक स्वरूप शख्सियत के फोटो पर आपत्तिजनक पोस्ट की है। दो सप्ताह पूर्व भी आरोपियों द्वारा इसी तरह की पोस्ट कर धार्मिक भावनाओं को आहत किया गया था। उस समय गांव के सम्भ्रान्त व्यक्तियों ने समझा बुझा कर मामला शांत करा दिया था। आरोपी बार बार ऐसी हरकत कर गांव का माहौल खराब करना चाहते हैं। आरोपियों द्वारा की गयी टिप्पणी से शिया समाज में रोष व्याप्त हो गया है। शिया समाज के व्यक्तियों ने आरोपियों के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है। जांच के उपरांत विधिक कार्रवाई की जाएगी।

मायावती बोलीं: सुप्रीम कोर्ट का फैसला आरक्षण को खत्म करने जैसा

लखनऊ, 4 अगस्त (एजेंसी)। बसपा सुप्रीमों मायावती ने लखनऊ में प्रेस वार्ता की। इस प्रेस वार्ता में उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के द्वारा अनुसूचित जातियों को उपजातियों में विभाजित करने के फैसले पर सवाल उठाया। मायावती ने कहा कि उनकी पार्टी सुप्रीम कोर्ट द्वारा किए गए एससी जाति में उपजाति विभाजन करने के फैसले से सहमत नहीं है। मायावती ने कहा कि आरक्षण पर नई सूची बनाने से कई तरह की परेशानियां सामने आएंगी। उन्हो

दूसरे दिन भी तुलसी पार्क में दिनभर दिखाई दिया जोश

व्यापारी संगठनों के साथ जिले के आम-ओ-खास रहे मौजूद

मुजफ्फरनगर, 04 अगस्त (बु.)। तुलसी पार्क में अतिक्रमण व अवैध ई-रिक्शा संचालन पर अंकुश लगाने की मांग को लेकर दूसरे दिन धरने पर मुख्य रूप से रमेश साईं, मुजफ्फरनगर बुलेटिन की स्वामी पूजा दुआ, मेनका बाटला, विशाल जलोत्रा, मधु जलोत्रा, रवीना जलोत्रा, मोहन आहुजा, सुनीता आहुजा, सौरभ आहुजा, वृंदा आहुजा, गोपाल कृष्ण बत्रा, पूजा बत्रा, मेनका बाटला, बिट्टू अरोरा, अज्जू अरोरा, त्रिलोचन सिंह गम्भीर, सरदार सुखदर्शन सिंह बेदी, हासानंद शर्मा एडवोकेट, पंकज जैन गांधी टैंट हाऊस, डॉ. अजय गुप्ता, व्यापारी नेता संजय मित्तल, संजय मिश्रा, कृष्ण गोपाल मित्तल, राकेश त्यागी, राहुल गोयल, सुभाष चन्द मित्तल, भानू प्रताप, शलभ गुप्ता, राजेन्द्र प्रसाद गर्ग, जनार्दन विश्वकर्मा, विजेन्द्र गोयल, भाजपा नेता अचिंत मित्तल, सचिन सिंघल, सुरेन्द्र अग्रवाल, अशोक बाठला, स्वराज सर्राफ, श्रवण कुमार सर्राफ, प्रमोद मित्तल, अनिल सोबती, उद्यमी विशु तायल, सागर वत्स, रूपम शुक्ला, पूर्व सभासद पूनम शर्मा, संतोष झिंझानिया नगर पंचायत मीरांपुर, सपा नेत्री अलका शर्मा, क्रांति सेना महिला अध्यक्ष पूनम चौधरी, सुदेश गर्ग, अरुण गोयल, अरविंद सोनी पत्रकार, विक्की लाईट, नरेश अरोरा, आकाशदीप अरोरा, ओमप्रकाश, मनीष कुमार, सुनील उत्सव, संजय पाल, विजय बाटा, फग्गू कश्यप, राजेश भाटिया, दीपक मित्तल, रजनीश कुमार, विपिन गुप्ता, पवन तनेजा, विनोद वर्मा, विक्की अरोरा, प्रवीण जैन, नितिन जैन, रोहित जैन चींनू, राजकुमार, धीर सिंह, अरिहन्त जैन, मनोज बालियान, भीमसैन त्यागी, पवन कुमार, पंकज तनेजा, जसप्रीत सिंह, प्रभजोत सिंह, अश्वनी कुमार, कमल बुक स्टोर, डॉ. प्रेमकुमार, राखी मित्तल, अजय मित्तल, मोहन लाल गर्ग, सुशील शर्मा, महेन्द्र पाल, सचिन बिल्टोरिया, अरविन्द, कृष्णलाल, वीके अनेजा एड, ज्ञानचन्द, होती लाल शर्मा, मास्टर विजय सिंह, नरेश पोपली, चन्द्र शेखर लूथरा, ब्रजमोहन कुमार, सुधीर सिंह, सुदर्शन कुमार, धर्मेन्द्र चंचल, अमरजीत सिंह, सोनू भाटिया, पं सुनील अंगिरा, सार्थक शर्मा, राजकुमार वर्मा, अमित जैन, अरूण गोयल, राधेश्याम कश्यप, विजय कश्यप, मिंटूपाल, अनिल बजाज, पवन पांचाल, सुरेश मास्टर, ओमकार पांचाल, अनुपम कंसल, नितिन तायल, सचिन गर्ग, मुनीश कुमार, ब्रिजेश कुमार, नमन, राकेश त्यागी, गिरीश पाहुजा, प्रमोद शर्मा, अरविंद गुप्ता एड, ज्ञानी गुरू बचन सिंह, राजेन्द्र सिंघल, स्वरूप वर्मा मंत्री जिला सर्राफा, अशोक बजाज, हरिओम शर्मा, संजय गोयल, दिनेश त्यागी, हर्ष पाहूजा, देवेन्द्र चढ्ढा, बलविन्दर सिंह, एसके बिट्टू, प्रदीप बंसल, इंजी. बीआर शर्मा, इंजी. यूसी वर्मा, ओम प्रकाश बजाज, इंजी. एससी गर्ग, इंजी. केके शर्मा, विनोद टांक, विनोद छाबड़ा, राकेश हुड़िया, राजीव सिंघल, एड, जगदीश अरोरा, उमादत्त शर्मा, विरेन्द्र वर्मा, ब्रज कुंवर गर्ग, विजय कुमार, आनन्द कुमार, सुमित अरोरा, रवि अरोरा, जोगिन्द्र सिंह, संदीप दुआ, नीलम सोनी, आकाश दीप, लक्की होजरी, अशोक कुमार, तिलक राज, रमेश अरोरा, ओमी हाण्डा, अनिल, सुनील वर्मा, विजय प्रताप सिंह, निशांक जैन, विकास जैन छोटू पप्पनी, सतेन्द्र सिंह, विरेन्द्र वर्मा, अनिल कुमार, रवि वर्मा, नितिन पांचाल, राकेश गर्ग, मुकेश डीलर, गुलाब सिंह, शशांक पाल, सचिन शर्मा, जनेश्वर पाल, अनिल नामदेव, तरूण गिरधर, पप्पी, विशाल अरोरा, अमित, मंयक कुमार, दीपक पोपली, मुरारी लाल, विपिन अरोरा, सम्यक जैन, मनीष भगत, जगदीप भगत, अंकुर जैन, ओमप्रकाश अरोरा, संजय गोयल, प्रवीण तायल, विरेन्द्र सिंघल, सुखबीर सिंह, रमन शर्मा, धर्मेन्द्र चंचल, अजय गुप्ता, विकास गोयल, अमित अरोरा, अमित गर्ग, हरिओम शर्मा, सुधीर जैन, आनन्द पाल, नदीम अंसारी, विक्की चावला, सिद्धार्थ बाठला, विपिन संगल, मनोज अरोरा, पंकज, संजय मलिक, भरत अरोरा, नीरज डावर, तरूण अरोरा, विकास अरोरा, नरेश अरोरा, लक्की गैलरी, संजय मिश्रा, सुरेन्द्र सिंह गम्भीर, सुरेन्द्र मित्तल, दीपक वर्मा, श्रवण मित्तल, राजेन्द्र सिंघल, सुनील शर्मा, सार्थक, मनीष, प्रदीप, राहुल वर्मा, हरिओम शर्मा, ब्रिजेश, देवेन्द्र चड्ढा, विनोद डाबर आदि का विशेष सहयोग रहा।

धरने की समाप्ति के बाद बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ बुलेटिन कार्यालय में बुलेटिन के स्टाफ के साथ

तुलसी पार्क में चल रहे धरने को सम्बोधित करते वक्ता....

अमावस्या पर स्नान करते दो सगे भाई सहित तीन युवक गहरे पानी में डूबे

पीएसी की फ्लड यूनिट व प्राइवेट गोताखोरों ने युवकों की तलाश में चलाया सर्च ऑपरेशन

कैराना, 4 अगस्त (बु.)। अमावस्या पर यमुना नदी में स्नान करने आये दो सगे भाई व उनका पारिवारिक मामा यमुना के गहरे पानी में डूब गये। अन्य साथियों द्वारा शोर मचाने पर प्राइवेट गोताखोरों ने यमुना में छलांग लगा दी। बाद में पीएसी के गोताखोरो ने भी मोटरबोट के सहारे सर्च अभियान चलाया, लेकिन शाम तक भी कोई सफलता नहीं मिली।

राजस्थान के जनपद सिकर के गांव बाय खाटूश्याम निवासी 25 वर्षीय महेश व उसका सगा भाई 20 वर्षीय बोधू तथा पारिवारिक मामा 35 वर्षीय लोकेश निवासी मौहल्ला बलई सिकरपुर पानीपत के थाना चांदनी बाग क्षेत्र के गांव रिसालू में किराये का मकान लेकर रहते थे। तीनों पानीपत में टेल पत्थर लगाने की मजदूरी का काम करते थे। रविवार सुबह साढ़े 7 बजे अमावस्या पर तीनों अन्य पांच साथियों के साथ हरियाणा साइड में यमुना नदी में स्नान करने लगे। इस दौरान महेश व उसका भाई बोधू तथा मामा लोकेश यमुना के गहरे पानी में डूब गये। अन्य साथियों द्वारा शोर मचाने पर

प्राइवेट गोताखोरों साजिद, मुस्तकीम उर्फ बिल्लु, जाहिद, दिलशाद व मासूम आदि ने यमुना में छलांग लगा दी। सूचना पर एसडीएम स्वप्निल यादव, सीओ अमरदीप मौर्य व कोतवाली प्रभारी विरेन्द्र सिंह कसाना मौके पर पहुंचे। बाद में पीएसी की फ्लड यूनिट को भी मौके पर बुलाया गया। पीएसी के गोताखोरों ने मोटर बोट के सहारे युवकों की तलाश की, लेकिन शाम तक कोई सफलता नहीं मिल सकी। वहीं सूचना पर राजस्थान से युवकों के परिजन भी मौके पर पहुंच गये।

नगर पंचायत के पूर्व इलेक्ट्रीशियन ने फांसी लगाकर जान दी

शाहपुर, 04 अगस्त (बु.)। कस्बे के मौहल्ला अंसारियान निवासी एक 24 वर्षीय युवक ने फांसी पर लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस में शव को कब्जे में लेकर परीक्षण हेतु भेज दिया। नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी, समाज सेवी शाहिद त्यागी, सभासद अब्दुल कलाम अंसारी आदि भी मौके पर पहुंचे और घटनाक्रम की जानकारी ली। कस्बा चौकी इंचार्ज रविंद्र कुमार यादव ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर कार्रवाई की जाएगी। परिजनों ने मृतक के ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कस्बे की मौहल्ला अंसारियान निवासी 24 वर्षीय आमिर अंसारी अपनी पत्नी के साथ मौहल्ले में परिजनों से अलग रहता है। उसकी किसी बात को लेकर पत्नी से कहासुनी हो गई थी, जिसके बाद उसकी पत्नी अपने मायके चली गई थी। शनिवार को आमिर पत्नी को लेने ससुराल गया, तो उसकी पत्नी ने उसके साथ जाने से मना कर दिया। परिजनों का आरोप है कि उसके ससुराल वालों ने उसके साथ कहासुनी करने अलावा मारपीट भी की। इसके बाद वह अपनी बेटी को लेकर ससुराल से वापस लौट आया। देर रात किसी समय उसने अपने घर में कुंडे से फांसी पर लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मौहल्लेवासियों ने बताया कि सुबह उसकी बेटी के रोने की आवाज सुनी, तो वह व अन्य परिजन उसके घर पहुंचे और दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया, किंतु दरवाजा नहीं खुला, तो दरवाजा तोड़कर घर के अंदर पहुंचे, तो उसे कुंडे से फांसी पर लटका हुआ देखकर सभी सन्न रह गए।

- पत्नी के मायके जाने से अवसाद में था
- ससुराल में हुई मारपीट के बाद उठाया कदम
- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम पर भेजा

मौहल्लेवासियों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। बताते चले कि मृतक आमिर अंसारी वर्षों तक नगर पंचायत में दैनिक वेतन भोगी के रूप मे इलेक्ट्रिशियन का भी काम करता रहा।

बाइपास पर बाइक फिसलने से युवक की मौत

मुजफ्फरनगर। बाइक फिसलने से युवक की मौत हो गई। मुजफ्फरनगर के नई मंडी क्षेत्र के कमलनगर निवासी 24 वर्षीय आशीष पुत्र सुभाषचंद बीती रात आठ बजे बाइक पर सवार होकर पुरकाजी जा रहा था। इस दौरान पुरकाजी बाईपास पर हरैंटी कट के पास उसकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। उसका सिर सड़क पर लगने से युवक गंभीर घायल हो गया। पुरकाजी अस्पताल लाने पर उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भिजवाया गया।

नगर की दो शिक्षिकाओं का आज होगा लखनऊ में साक्षात्कार

मुजफ्फरनगर, 04 अगस्त (बु.)। राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए लखनऊ में होने वाले साक्षात्कार के लिए जनपद से दो महिला शिक्षिकाओं का चयन हुआ है। सोमवार को लखनऊ की चयनित कमेटी प्रदेश से पहुंचे सभी शिक्षकों का साक्षात्कार लेंगी, जिसमें जनपद से पूर्वी पाठशाला नगर क्षेत्र की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका हिमानी जौहरी के साथ एमजी वर्ल्ड विजन की प्रधानाचार्य डॉ. मृणालिनी अनंत प्रतिभाग कर अपनी प्रस्तुति देंगी। राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों से शिक्षक-शिक्षिकाओं के बीते दिनों आवेदन लिए गए थे, जिसके तहत मुजफ्फरनगर से केवल तीन महिला शिक्षकों ने आवेदन किए थे। इन आवेदनों में शिक्षिकाओं ने अपने शिक्षक जीवन की सभी उपलब्धियों के साथ ही नवाचार कार्यों की प्रस्तुति, उपलब्धियों से जनपद के शिक्षा अधिकारी और जिला अधिकारी को कार्यों की प्रस्तुति दी। इसके बाद उनकी फाइल आगे बढ़ी। माध्यमिक विद्यालयों से एमजी वर्ल्ड विजन की प्रधानाचार्य डॉ. मृणालिनी अनंत को लखनऊ में साक्षात्कार के लिए चयनित किया गया है। वहीं बेसिक शिक्षा विभाग नगर क्षेत्र से प्राथमिक विद्यालय पूर्वी की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका हिमानी जौहरी का चयन हुआ। सोमवार को लखनऊ में दोनों शिक्षिका साक्षात्कार में प्रतिभाग कर अपनी प्रस्तुति देते हुए चयन समिति के अधिकारियों के तमाम सवालों का सामना करेंगी।

इन्होंने बताया- डीआईओएस राजेश कुमार श्रीवास ने बताया कि जनपद स्तर पर शिक्षिकाओं की फाइल देखने के बाद डीएम को प्रेषित की गई थी जिसके बाद उक्त आवेदनों को प्रदेश स्तर पर होने वाले साक्षात्कार के लिए चयनित करने के साथ निमंत्रण मिला है

खतौली कस्बा चौकी इंचार्ज को कप्तान ने किया लाइन हाजिर

- एसएसपी ने अफसरों को दिए निर्देश-शहरी यातायात और पुलिस पेट्रोलिंग में न हो लापरवाही
- पुलिस कप्तान ने क्राइम मीटिंग में कसे थाना प्रभारियों के पेंच, थानों में शालीन व्यवहार करने की हिदायत

मुजफ्फरनगर, 04 अगस्त (बु.)। एसएसपी अभिषेक सिंह ने क्राइम मीटिंग के दौरान शहरी यातायात और पुलिस पेट्रोलिंग को लेकर लापरवाही बरतने पर सख्त कार्यवाही करने की चेतावनी देते हुए कहा कि थानों में आने वाले जनप्रतिनिधियों और पीड़ितों से शालीन व्यवहार किया जाए। वहीं लापरवाही बरतने पर एसएसपी अभिषेक सिंह ने खतौली कस्बा चौकी इंचार्ज एसआई राहुल चौधरी को लाइन हारिज कर दिया।

एसएसपी अभिषेक सिंह ने रविवार को पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में जनपद के समस्त पुलिस अधिकारियों के साथ अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण एवं शान्ति व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अपराध गोष्ठी की गई। इसमें एसएसपी ने निर्देशित करते हुए कहा कि क्षेत्र के टॉप-10 और हिस्ट्रीशीटर अपराधियों पर लगातार सतर्क दृष्टि रखते हुए उनके क्रियाकलापों की निगरानी करने, असामाजिक तत्वों पर विधिक कार्यवाही करने, थानाक्षेत्र के सभी ग्राम प्रधानों, सम्भ्रान्त व्यक्तियों, जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रहरियों, पुलिस मित्रों आदि के साथ गोष्ठी आयोजित कर आपसी समन्वय स्थापित करने सहित थानाक्षेत्र में शराब, खनन, पशु तस्करी, शस्त्र तस्करी आदि अपराधों में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाकर वैधानिक कार्यवाही करने तथा गैंगस्टर अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत अभियोगों में धारा 14(1) गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत कार्यवाही कर अपराधियों की संपत्ति के जब्तीकरण की कार्यवाही किये जाने पर जोर दिया गया। एसएसपी अभिषेक सिंह द्वारा एन्टी रोमियो स्कवॉड, महिला आरक्षियों व अन्य पुलिसकर्मियों को अपनी-अपनी बीट में जाकर ग्राम प्रधान आदि के सहयोग से स्कूल/कॉलेज, कोचिंग संस्थान आदि में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन हेतु विभिन्न कार्यक्रम व गोष्ठी करके उन्हें सुरक्षा संबंधी जानकारी देते हुए पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित की जानकारी देकर जागरुक करने हेतु निर्देशित किया गया। एसएसपी ने सभी को निर्देशित किया कि थाने पर आने वाले फरियादियों/ जनप्रतिनिधियों के साथ विनम्र व्यवहार करने एवं स्वच्छ वातावरण स्थापित कर उनके बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे कि आमजनता बिना किसी भय के अपनी शिकायतों के निस्तारण हेतु थानो पर आ सके। उन्होंने समस्त क्षेत्राधिकारी/थाना प्रभारियों को डायल-112 के अन्तर्गत जनपद में संचालित पीआरवी वाहनों के रूट की समीक्षा कर नियमित पेट्रोलिंग की व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु निर्देशित किया गया तथा जनपद में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु प्रभारी यातायात/ प्रभारी निरीक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए चेतावनी दी कि लापरवाही बरतने पर कार्यवाही की जायेगी। एसएसपी ने जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने हेतु समस्त अधिनस्थों को बाजारों, भीड़भाड़ व संवदेनशील स्थानों पर नियमित गश्त करने के निर्देश भी दिए। गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल, पुलिस अधीक्षक यातायात कुलदीप सिंह, समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक एलआईयू, एसओजी प्रभारी व जनपद के समस्त थाना और शाखा प्रभारी मौजूद रहे।

ढाबा कर्मियों ने बाइक युवकों को लाठी डंडों से की पिटाई

छपार, 04 अगस्त (बु.)। पुरकाजी थाना क्षेत्र के गांव मांडला निवासी मोनू व अभिषेक ने कांवड़ समय में एक डीजे पर मजदूरी की थी। दोनों ही शनिवार की रात्रि में गुरुकुल से अपना हिसाब करके बाइक से अपने गांव वापस जा रहे थे। देर होने पर दोनों ढाबे पर रुके और खाना देने के लिए कर्मचारियों से कहा तो किसी बात पर कहासुनी हो गई आरोप है कि ढाबा कर्मियों ने डंडों से उनकी जमकर पिटाई की, जिससे दोनों घायल हो गये। रात्रि में ही उन्होंने बरला पुलिस चौकी को सूचना दी। कोई कार्रवाई न होने पर रविवार को दोनों थाने पहुंचे ओर आरोपियों के विरुद्ध थाने में तहरीर दी। पुलिस ने दोनों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया है।

नूर ज्वैलर्स की डकैती खोलने वाली पुलिस टीम को कप्तान ने किया सम्मानित

33 पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर एसएसपी अभिषेक सिंह ने बढ़ाया अपनी टीम का हौसला

मुजफ्फरनगर, 04 अगस्त (बु.)। शाहबुद्दीनपुर रोड पर नूर ज्वैलर्स आभूषण फैक्ट्री पर दिनदहाड़े पड़ी सनसनीखेज डकैती का खुलासा करते हुए चार महिलाओं सहित दस बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेजने वाली पुलिस टीम में शामिल 33 पुलिसकर्मियों को रविवार को एसएसपी अभिषेक सिंह ने सम्मानित किया। पुलिस कप्तान ने टीम की सराहना करते हुए शहर कोतवाल और एसओजी टीम प्रभारी सहित सभी पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया।

एसएसपी अभिषेक सिंह द्वारा थानाक्षेत्र कोतवाली नगर में शाहबुद्दीनपुर रोड पर स्थित नूर ज्वैलर्स की दुकान में हुई डकैती की घटना का सफल अनावरण करने वाली पुलिस टीम का उत्साहवर्धन करते हुए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

बता दें कि गत 15 जुलाई को शाहबुद्दीनपुर रोड पर स्थित फखरूल हसन की नूर ज्वैलर्स नामक आभूषण बनाने की छोटी फैक्ट्री में 05 बदमाशों द्वारा डकैती की घटना की गयी थी । घटना को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी अभिषेक सिंह ने तत्काल एसओजी तथा थाना कोतवाली नगर एवं थाना खालापार की पुलिसटीमों का गठन किया गया था। गठित टीमों द्वारा 26 जुलाई को पुलिस मुठभेड़ के दौरान 02 बदमाशों को घायल करते हुए कुल 04 आरोपियों को गिरफ्तार कर डकैती की घटना का अनावरण किया गया था। पुलिस ने इनके कब्जे से लगभग 3.5 किलोग्राम सफेद धातु के आभूषण तथा लगभग 700 ग्राम पीली धातु के आभूषण बरामद किए थे। इसके बाद अभी तक पुलिस इस प्रकरण में शामिल 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। रविवार को एसएसपी अभिषेक सिंह द्वारा पुलिस लाईन में इस डकैती की घटना का खुलासा करने वाली शहर कोतवाली, खालापार थाना और एसओजी पुलिस टीमों के कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

सीएम योगी का निर्देशः नौ से 15 अगस्त तक हर घर फहराया जाएगा तिरंगा

लखनऊ, 4 अगस्त (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर उच्च स्तरीय बैठक में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की।

इस दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता आंदोलन की विभिन्न ऐतिहासिक घटनाओं में काकोरी ट्रेन एक्शन अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रदेश सरकार काकोरी ट्रेन एक्शन के शताब्दी महोत्सव को पूरे राज्य में विभिन्न गतिविधियों के साथ वर्षपर्यंत धूमधाम से मनाएगी। इस वर्ष 9 से 15 अगस्त के मध्य प्रदेशव्यापी 'हर घर तिरंगा' अभियान आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि काकोरी ट्रेन एक्शन के शताब्दी महोत्सव की शुरूआत आगामी 9 अगस्त से होगी। इस अवसर पर प्रदेश के शहीद स्मारकों, स्मृति स्थलों, अमृत सरोवरों के तट पर वृहद रूप से कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। समारोह में शहीदों के परिजनों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों, भूतपूर्व सैनिकों को सम्मानित किया जाए। इन कार्यक्रमों में स्कूली बच्चों, किशोरों, युवाओं का सहयोग व सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

मंसूरपुर पुलिस ने 1.75 लाख रुपये के गुम 10 स्मार्ट मोबाइल फोन किए बरामद

खोये हुए मोबाइल को पाकर फोन स्वामियों के चेहरों पर आई मुस्कान

मुजफ्फरनगर, 04 अगस्त (बु.)। मंसूरपुर पुलिस ने लोगों के गुम हुए मोबाइल फोन को उन तक पहुंचाने का काम कर वाहवाही लूटी है। पुलिस टीम ने कुल 1.75 लाख रुपये कीमत के 10 गुम हुए मोबाइल फोन अलग अलग क्षेत्रों से बरामद करते हुए उनके असली हकदारों तक पहुंचाने का काम किया। अपने खोये हुए मोबाइल फोन को पाकर स्वामियों के चेहरों पर मुस्कान नजर आई। जनपद मुजफ्फरनगर में लोगों के गुम और खोये हुए मोबाइल फोन की बरामदगी कर उनके वास्तविक स्वामियों को लौटाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत क्षेत्राधिकारी खतौली राम आशीष यादव के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक थाना मंसूपुर आशुतोष कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा भारत सरकार द्वारा गुम और खोये मोबाइल की रिकवरी हेतु लांच किये गये सीईआईआर (सेन्ट्रल इक्युपमेंट आईडेंटिटी रजिस्टर) पोर्टल की सहायता से प्राप्त हुई ट्रेकेबिलटी डिटेल के आधार पर प्रदेश के अलग-अलग स्थानों से 10 खोये और गुम हुए मोबाइल फोन को बरामद किया गया। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर आशुतोष ने बताया कि बरामद किये गये मोबाइल फोन की कुल अनुमानित कीमत 1,75,000 रुपए है। आज सभी मोबाइल फोन उनके असली मालिकों को बुलाकर उनके सुपुर्द कर दिये। सभी ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त करते हुए खुशी का इजहार किया। मोबाइल बरामद करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक आशुतोष कुमार के साथ ही एसएसआई संजय तोमर, कम्पयूटर ऑपरेटर रवि कुमार और कांस्टेबल चन्द्रवीर शामिल रहे।

2.65 लाख वसूलकर दो भाइयों को थमा दी सऊदी अरब की जाली वीजा

मुजफ्फरनगर, 04 अगस्त (बु.)। सूजडू के दो भाइयों को सऊदी अरब भेजने के नाम पर दो लाख 65 हजार रुपये हड़प लिये गये। दोनों भाई फर्जी वीजा लेकर मुम्बई एयरपोर्ट पर पहुंचे तो उन्हें इस धोखाधड़ी का पता लगा। कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने पिता व दो पुत्रों समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के सूजडू गांव निवासी इरशाद ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि प्रार्थी के पुत्र शमशेर व शाहबाज रोजगार के लिए सऊदी अरब जाना चाहते थे। देवबंद के ाबीरन गांव निवासी परिचित सुब्हान, अब्दुल मन्नान और पिता नौशाद समेत चार लोगों ने उन्हें ांसा दिया कि वो उन्हें सऊदी अरब में रोजगार दिला सकते हैं। ांसे में आकर कई किश्तों में उन्होंने आरोपियों को रकम उपलब्ध कराई। आरोपियों ने दो लाख 65 हजार रुपये वसूलने के बाद दोनों बेटों को मुम्बई बुलाया। मई 2024 में उन्हें वीजा और टिकट दिया गया। जब वो वीजा और टिकट लेकर मुम्बई एयरपोर्ट पर पहुंचे तो चैकिंग के दौरान अधिकारी ने उनके वीजा और टिकट को फर्जी करार दिया। वापस आकर दोनों भाइयों ने पिता को इसकी जानकारी दी। आरोप है कि रकम वसूलने वाले आरोपियों पर दबाव बनाया तो यह लोग बदतमीजी पर उतर आये और जान से मारने की धमकी दी। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू कर दी है।

कोर्ट के आदेश पर पिता व पुत्रों समेत चार के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा में मुकदमा हुआ दर्ज

ताजा हिंसा में 91 लोगों की मौत के बाद बांग्लादेश में कर्फ्यू की घोषणा

ढाका, 4 अगस्त (एजेंसी)। बांग्लादेश में आरक्षण के खिलाफ छात्रों का प्रदर्शन लगातार जारी है। इस बीच बांग्लादेश सरकार ने रविवार शाम छह बजे से पूरे बांग्लादेश में कर्फ्यू लगाने का एलान किया है। बांग्लादेश में जारी ताजा हिंसा में 91 लोगों की मौत हो गई। प्रदर्शनकारी छात्र लगातार प्रधानमंत्री शेख हसीना का इस्तीफा मांग रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, फेनी में हिंसा के दौरान पांच लोगों की मौत हुई है। इसके अलावा सिराजगंज में चार, मुंशीगंज में तीन, बोगुरा में तीन, मगुरा में तीन, भोला में तीन, रंगपुर में तीन, पाबना में दो, सिलहट में दो, कोमिल्ला एक, जयपुरहाट में एक ढाका में एक और बारीसाल में एक व्यक्ति की मौत हुई है। इस बीच, बांग्लादेश के गृह मंत्रालय ने रविवार शाम छह बजे से पूरे देश में कर्फ्यू लगाने की घोषणा की है।

प्रेमी संग पिटाई की शिकार महिला इंस्पेक्टर का वीडियो बनाने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई

आगरा, 4 अगस्त (एजेंसी)। आगरा कमिश्नरेट में थाना रकाबगंज के आवासीय परिसर में शनिवार को शर्मनाक घटना हुई। थाना प्रभारी शैली राणा के सरकारी आवास पर मुजफ्फरनगर के इंस्पेक्टर आए थे। तभी मुजफ्फरनगर से आए इंस्पेक्टर की पत्नी ने घरवालों संग धावा बोल दिया। दोनों की पिटाई की। पुलिसकर्मी तमाशबीन बने वीडियो बनाते रहे, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इंस्पेक्टर शैली राणा को निलंबित कर दिया गया है। दूसरे इंस्पेक्टर के खिलाफ रिपोर्ट भेजी गई है। उधर, घटना पर सख्त रुख अपनाते हुए पुलिस आयुक्त ने वीडियो बनाने वाले दो मुख्य आरक्षियों को निलंबित किया है। दो दरोगाओं समेत छह सिपाहियों को लाइन हाजिर किया गया है। इंस्पेक्टर शैली राणा का पूर्व में भी अधीनस्थों से विवाद हो चुका है। इस वजह से बवाल के दौरान पुलिसकर्मियों ने बीच-बचाव नहीं किया। वीडियो बनाते रहे। वीडियो भी सोशल मीडिया पर पुलिसकर्मियों ने ही वायरल किए। इंस्पेक्टर की छवि खराब करने में पुलिसकर्मियों ने अहम भूमिका निभाई। चर्चा तो यह भी है कि थाने से ही एक पुलिसकर्मी ने इंस्पेक्टर की पत्नी से संपर्क किया था। उन्हें आगरा बुलाया था। कमिश्नर ने तमाशा देखने वाले पुलिसकर्मियों के विरुद्ध सख्त कदम उठाया। जांच के बाद मारपीट के दौरान वीडियो बनाने पर मुख्य आरक्षी विशाल व हरिकेश को निलंबित कर दिया। दरोगा सुनील लांबा, दरोगा देवेंद्र, मुख्य आरक्षी रेखा महिला थाना, सिपाही अंकित, पीआरवी पर तैनात सिपाही गिरीश व चालक राजेंद्र को लाइन हाजिर किया गया है। घटनास्थल पर मौजूद एक होमगार्ड के खिलाफ रिपोर्ट भेजी जा रही है। सभी के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश भी दिए गए हैं।

श्रीलंका ने दूसरे वनडे में भारत को 32 रन से हराया

कोलंबो, 4 अगस्त (एजेंसी)। भारत और श्रीलंका के बीच जारी तीन मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला रविवार को कोलंबो में खेला गया। इस मैच में श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और 50 ओवर में नौ विकेट पर 240 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम 42.2 ओवर में सिर्फ 208 रन बना सकी और ऑलआउट हो गई। श्रीलंका ने यह मुकाबला 32 रन से जीत लिया और सीरीज में 0-1 से बढ़त हासिल कर ली।

अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला की हत्या

- मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति, जेठ व देवर के विरुद्ध दर्ज किया मुकदमा

कैराना, 4 अगस्त (बु.)। अतिरिक्त दहेज में 2 लाख की मांग पूरी न होने पर पति, जेठ व देवर ने 28 वर्षीय महिला की गला घोटकर हत्या कर दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। बाद में फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर जाकर जांच की। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया। मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति सहित 3 आरोपियों के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया। बुढ़ाना थाना क्षेत्र के गांव विज्ञाना निवासी हारुण की पुत्री फरीदा (28) का निकाह करीब 7 साल पहले मौहल्ला दरबार खुर्द रेतावाला निवासी शाहनवाज के साथ हुआ था। फरीदा के एक छोटी बेटी व एक बेटा था। रविवार सुबह किसी पड़ौसी ने फरीदा के पिता हारुण को फोन पर सूचना दी कि तुम्हारी बेटी को तुम्हारे दामाद ने मार दिया, जिसके बाद मायके पक्ष के लोग कैराना पहुंचे। घर में चारपाई पर फरीदा का शव पड़ा था। मृतका के गले पर निशान थे तथा परिवार के सभी लोग फरार हो गये थे। सूचना पर सीओ अमरदीप मौर्य व कोतवाली प्रभारी विरेन्द्र सिंह कसाना मौके पर पहुंचे। बाद में फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जांच की। पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पीएम के लिए भेज दिया।

दहेज हत्या में पति सहित 3 के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

कैराना। मृतका फरीदा के पिता हारूण निवासी गांव विज्